अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

दैनिक

# करंट क्राइम

www.currentcrime.com

सिर्फ सच...

● नई दिल्ली।। शुक्रवार 21 जून -2024 ● वर्ष : 8 अंक : 252 पेज-08 ● RNI NO. DELHIN/2015/65364 ● मूल्य : ₹3




**नीट परीक्षा : राहुल गांधी का केंद्र पर वार**

## प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पेपर लीक को रोक नहीं पा रहे

**नई दिल्ली।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने गुरुवार को यूजीसी नीट यूजी परीक्षा में कथित पेपर लीक को लेकर प्रेस कॉन्फ्रेंस की। उन्होंने इसे लेकर केंद्र सरकार और पीएम नरेंद्र मोदी का नाम लेकर हमला बोला। राहुल ने कहा, सभी शिक्षण संस्थानों को भाजपा के लोगों ने कैप्चर कर रखा है। जब तक इन्हें मुक्त नहीं कराया जाएगा, तब तक यह चलता रहेगा। पीएम मोदी इस लीक को रोक नहीं पाए। एक परीक्षा में गड़बड़ियों के बाद आप रद्द कर चुके हैं, पता नहीं दूसरे को रद्द किया जाएगा या नहीं। लेकिन कोई न कोई तो इसके लिए जिम्मेदार है और इसके लिए किसनी न किसी को तो पकड़ा जाना चाहिए।

राहुल ने कहा, नीट पेपर और यूजीसी-नेट के पेपर लीक हुए हैं। कहा जा रहा था कि नरेंद्र मोदी ने यूक्रेन की लड़ाई रोक दी थी। इस्राइल और गाजा की लड़ाई को भी नरेंद्र मोदी ने रोक दी थी। लेकिन किसी न किसी कारण में



हिंदुस्तान में जो पेपर लीक हो रहे हैं उन्हें नरेंद्र मोदी नहीं रोक पा रहे या फिर रोकना नहीं चाहते।

कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष ने प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान दावा किया कि शिक्षण संस्थाओं पर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और उसके मातृत्व संगठन से जुड़े लोगों ने कब्जा कर लिया है।

उन्होंने कहा कि जब तक इस स्थिति को बदला नहीं जाएगा तब तक पेपर लीक होना बंद नहीं होंगे।

# गाजियाबाद में 121 होटल भवनों पर नहीं है फायर एनओसी

## 90% अग्नि हादसों की वजह है इलेक्ट्रिक शॉर्ट सर्किट

● पुलिस कमिश्नर और मुख्य अग्निशमन अधिकारी ने की होटल संचालकों के साथ बैठक

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** गर्मी का सीजन चल रहा है और गर्मी के सीजन में इस बार अग्नि हादसों में रिकॉर्ड बढ़ोत्तरी दर्ज की गई है। लगातार हो रहे अग्नि हादसों को देखते हुए गुरुवार को पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में



कमिश्नर अजय कुमार मिश्र और अग्निशमन अधिकारी राहुल पाल ने शहर में संचालित होने वाले 201 से अधिक छोटे-बड़े होटलों के संचालकों, मॉल्स और सुरक्षा अधिकारियों के साथ पुलिस लाइन में एक बैठक की।

बैठक में निकलकर आया है कि गाजियाबाद में आधा से अधिक ऐसे होटल और गेस्ट हाउस जिन भवनों में संचालित है उनके पास सुरक्षा प्रमाण पत्र और अग्नि विभाग की एनओसी तक नहीं है। अधिकारियों से मिली जानकारी के अनुसार वर्तमान में गाजियाबाद में 201 होटल भवन हैं, जिनमें केवल 80 के पास ही अग्नि सुरक्षा संबंधी मानकों का पालन हो रहा है। साथ ही 121 ऐसे छोटे-बड़े होट्ल्स और गेस्ट हाउस हैं जहां पर आग से बचाव का प्रबंध नहीं है। साथ ही उनके पास अग्निशमन विभाग की ओर से सुरक्षा प्रमाण पत्र भी नहीं है। गुरुवार को हुई बैठक में पुलिस कमिश्नर अजय मिश्र ने होटल एवं मॉल हाउस भवनों को आग से बचाव के नियमों का पालन करने का निर्देश दिया है। तो वहीं लखनऊ से डीजी फायर सर्विसेज ने एक सप्ताह का विशेष अभियान चलाकर ऐसे भवनों को चिन्हित करने का निर्देश दिया है। जो सावधानी को ताक पर रखकर काम कर रहे हैं।



### अग्निशमन चलाएगा सप्ताहभर तक विशेष अभियान

करंट क्राइम : पुलिस लाइन के यूपी-112 स्थित ट्रेनिंग हाल में पुलिस अधिकारियों और होट्ल्स, मॉल व गेस्ट हाउस के संचालकों और सुरक्षा अधिकारियों के साथ मीटिंग हुई। बैठक में अधिकारियों ने सुरक्षा संबंधित



मानकों का पालन करने का निर्देश दिया है। इसमें फायर अलार्म सिस्टम, हाई ट्रेंड सिस्टम, फायर एक्सटिंगूलेशन के साथ ही आग से बचाव के लिए फायर सर्विसेज के अन्य उपकरणों को भी लगाने और उनकी समय-समय पर जांच और मरम्मत करने का निर्देश दिया है। मुख्य अग्निशमन अधिकारी राहुल पाल ने कहा है कि बीते दिनों भीषण गर्मी के दौरान आग की वजह से बड़े हादसे हुए थे। उसको ध्यान में रखते हुए यह बैठक की गई थी। बैठक में आवश्यक दिशा-निर्देश देने के साथ ही सप्ताहभर तक विशेष चेकिंग अभियान चलाया जाएगा। जिसमें जहां लापरवाही मिलेगी उनको नोटिस भी जारी किए जाएंगे।

### इन बातों पर ध्यान रखने का दिया गया निर्देश

- होटल, मॉल भवनों में एग्जिट गेट को सदैव खुला रखा जाए ताकि किसी प्रकार का कोई रुकावट ना हो।



- भवन में जो भी आग से बचाव के उपकरण हो, उनका समय-समय पर निरीक्षण खुद ही किया जाए ताकि हीट पकड़ने पर आग लगने पर उनका इस्तेमाल किया जा सके।
- भवन में लगे एसी एयर कंडीशन को लगातार ना चलाएं। नियमित अंतराल पर एसी को कुछ समय बंद कर दें। सभी एसी की समय-समय पर सर्विस अवश्य करनी चाहिए।
- फायर फाइटिंग के जो भी यंत्र लगे हों, उसकी मौजूदा स्टाफ को जानकारी और प्रशिक्षण आवश्यक करवाए।
- जहां पर अधिक कमरे और स्पेस हो वहां अग्निशमन विभाग पानी का रिसोर्स भी चिन्हित करें।
- होटल, मॉल और गेस्ट हाउस जहां अधिक भीड़ आती हो, वहां आने जाने के रास्ते काफी संकरे होते हैं, साथी ऐसे मार्गों पर वहां भी ना खड़े होने दिए जाएं।

## मुख्यमंत्री से हो गई विधायक नन्द किशोर गुर्जर और विधायक अजीत पाल त्यागी की मुलाकात

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** विधायक नाराज और विधायक खामोश। किसी बात को लेकर खुलकर जोश और कहीं खामोशी के साथ अपना रोष। प्रकरण शुरू हुआ था गनर के साथ और फिर इसमें विधायक का लैटर आ गया। लैटर लगातार आये और मैटर बढ़ गया।

दैनिक करंट क्राइम ने प्रकाशित किया था कि क्यों विधायक नन्द किशोर गुर्जर एकदम से खामोश हो गये हैं। क्यों अब वो लैटर जारी नहीं कर रहे हैं। सूत्र बताते हैं कि मैटर अब गाजियाबाद से लखनऊ मुख्यमंत्री तक पहुंच गया है। जिस चीज का इंतजार हो रहा था वो चीज हो गई और गुरूवार को विधायक नन्द किशोर गुर्जर और विधायक अजीत पाल त्यागी की मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात हो गई।







**रखी गई हैं कई बातें और बदलने वाले हैं हालात**

सूत्र बताते हैं कि वैसे इस मुलाकात से पहले मंगलवार को भी एक मुलाकात हुई थी लेकिन गुरूवार वाली मुलाकात में जो करंट आया है वो करंट मंगलवार वाली मुलाकात में नहीं था। मुलाकात बंद कमरे में हुई है और विधायकों ने अपनी बात मुख्यमंत्री के समक्ष रखी है। क्या बात रखी है ये तो विधायक भी फिलहाल नहीं बता रहे हैं लेकिन अनुमान सबको है कि जो प्रकरण चल रहा है बात उसी से जुड़ी हुई है। फिलहाल मुलाकात के बाद विधायक अब रूड नहीं दिखाई दे रहे हैं बल्कि वो हैप्पी मूड में है और लग रहा है कि जो वो चाहते थे वो बात हो गई है। मुलाकात हुई तो करंट क्राइम ने भी दोनों विधायकों से बात की। यहां मुलाकात को गोपनीय रखने की पूरी कोशिश हुई लेकिन आजकल संवाद की गति तेज है और कई बार मुख्यमंत्री कार्यालय से भी मुलाकात की तस्वीरें आ जाती हैं। लेकिन इतना तय है कि ये मुलाकात एक बड़ा संदेश लेकर आ रही है। सूत्र मानकर चल रहे हैं कि ना तो मुलाकात को लेकर कोई डाउट है और न ही मुलाकात को लेकर क्या चर्चाएं हुई हैं इस पर फिलहाल सस्पेंस है, जो नहीं हुआ आउट है।

## क्यों लौटा दिये लोकसभा सांसद अतुल गर्ग ने चार सरकारी गनर

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** इन दिनों जिले में सुरक्षा को लेकर ही घमासान है। विधायकों के गनर वापस बुलाने पर ही मामला मुख्यमंत्री तक पहुंचा है। मोर्चा तक खुल गया और बैठक हो गई। गनर विधायकों को मिले थे और आचार संहिता का हवाला देकर ये गनर बुलाये गये। विधायकों की तुलना में सांसद को गनर सुविधा थोड़ी ज्यादा मिलती है। लेकिन ताजा मामला ऐसा भी सामने आया है कि जब लोकसभा सांसद अतुल गर्ग ने चार सरकारी गनर लौटा दिये। एक एसीपी स्तर के पुलिस अधिकारी अपने साथ चार सुरक्षाकर्मी लेकर लोकसभा सांसद अतुल गर्ग के आवास पर पहुंचे थे। आखिर ऐसा क्या हुआ कि अतुल गर्ग ने सुरक्षाकर्मी लेने से इंकार कर दिया। लोनी विधायक तो तब भी मोर्चा खोल रहे थे लेकिन लोकसभा सांसद अतुल गर्ग ने ना तो तब मोर्चा खोला और ना ही गनर को लेकर उनकी कोई डिमांड रही है। सुरक्षा कर्मी वापस लौटाये हैं तो ये सवाल उठना लाजमी था कि आखिर ऐसा क्या हो गया कि गनर वापस लौटाये गये। वो भी वो गनर जो पुलिस प्रशासन द्वारा भेजे गये हैं। क्या अतुल गर्ग वास्तव में गनर को लेकर नाराज हैं।






क्या उनके मन में किसी पुलिस अधिकारी को लेकर नाराजगी है। चार गनर मिले और चारो गनर वापस भेज दिये तो करंट क्राइम ने लोकसभा सांसद अतुल गर्ग से ही बात की। अतुल गर्ग वैसे भी दूसरे तरीके की राजनीति करते हैं और वो गनर जैसे तामझाम से थोड़ा खुद को अलग रखते हैं। विशुद्ध राजनीतिक व्यक्ति हैं और ज्यादा भौकाल बनाना उनकी राजनीतिक शैली का हिस्सा नहीं है। मामले को जानने के लिए करंट क्राइम ने अतुल गर्ग से ही बात की। लोकसभा सांसद अतुल गर्ग ने स्वीकार किया कि उन्होंने चार गनर वापस लौटा दिये हैं।

साथ ही उन्होंने इस पूरे मामले का खुलासा भी किया और कहा कि मेरे पास पहले से ही दो गनर है और मुझे अधिक गनर की कोई जरूरत नहीं है। जो पुलिस अधिकारी इन्हें लेकर आये थे मैंने उन्हें भी अवगत करा दिया कि मेरे पास पहले से दो गनर हैं और अधिक गनर की कोई आवश्यकता नहीं है इसलिए मैं ये चार गनर वापस लौटा रहा हूं। दो गनर सुरक्षा के लिए बहुत हैं।

## जारी हो गई शहर विधानसभा रिक्त होने की अधिसूचना

**अब चुनाव कराने की घोषणा करना चुनाव आयोग की जिम्मेदारी**

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** शहर विधानसभा चुनाव वैसे तो 14 जून को ही रिक्त हो चुकी है लेकिन विधिवत रूप से विधानसभा सचिवालय के पटल कार्यालय से अधिसूचना जारी हो गई। दो विधानसभाएं ऐसी हैं जो 14 जून को रिक्त हुई हैं। उनमें मिर्जापुर जिले की मंझवा सीट और गाजियाबाद जिले की सदर विधानसभा सीट हैं। इस सीट से शहर विधायक अतुल गर्ग को भाजपा ने लोकसभा उम्मीदवार बनाया। अतुल गर्ग ने तीन लाख से भी अधिक वोटों से जीत दर्ज की और वो लोकसभा सांसद हो गये। उन्होंने 14 जून की दोपहर विधानसभा अध्यक्ष को अपना इस्तीफा सौंप दिया था अब विधानसभा सचिवालय से अधिूसचना जारी हो गई और बताया गया कि अतुल गर्ग लोकसभा सांसद हो गये हैं। इसलिए उन्होंने 14 जून को दोपहर में समय से त्याग पत्र दे दिया है। जिसे विधानसभा अध्यक्ष द्वारा भारत का संविधान के अनुच्छेद 190 के खंड-3 के उपखंड-ख के अन्तर्गत स्वीकार कर लिया गया है। लिहाजा



अब सभी को ये बता दिया गया है कि विधानसभा सदस्य अतुल गर्ग और विधानसभा सदस्य डॉ विनोद कुमार बिन्द का इस्तीफा स्वीकार हो गया है और ये दोनों विधानसभा सीट रिक्त हो गई हैं।

## भीषण गर्मी का प्रकोप : कलेक्ट्रेट के हैंडपंप सूखे, नहीं लगे अभी तक प्याऊ



**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** भीषण गर्मी का प्रकोप पूरे पश्चिम उत्तर प्रदेश और दिल्ली-एनसीआर में लगातार जारी है। तापमान इस कदर बढ़ गया है कि गर्मी की वजह से हैंडपंप भी सूख गए हैं। गुरुवार को दैनिक करंट क्राइम की टीम कलैक्ट्रेट और विकास भवन पहुंची, तो वहां लगे दोनों हैंडपंप सूख मिले।

एक हैंडपंप मीडिया सेंटर के परिसर में लगा है, तो दूसरा हैंडपंप विकास भवन के सामने स्थित पार्क में लगा है। दोनों ही हैंडपंप लंबे समय से खराब है, लोग बताते हैं कि भीषण गर्मी में इनका जलस्तर और नीचे चला गया है। जिस वजह से अब इनसे पानी आना भी बंद हो गया है। पहले काफी देर हैंडपंप चलाने के बाद इससे पानी आता था लेकिन अब ऐसा नहीं हो रहा है। उधर हर साल जिला मुख्यालय पर सामाजिक संस्थाओं के सहयोग से प्याऊ लगाने का भी कार्यक्रम होता था लेकिन इस बार अभी तक में शुरू नहीं किया गया है। वैसे भी इस बार भीषण गर्मी का प्रकोप बीते कई सालों की तुलना में बेहद अधिक है।

### प्यास बुझाने के लिए लोग होते हैं परेशान

**सूखे पड़े हैं हैंडपंप, चालू नहीं है प्याऊ**

करंट क्राइम : नगर निगम के अधिकारियों ने बीते दिनों शहर के हैंडपंप और बंद नलकूप चालू करने का अभियान शुरू किया था लेकिन संबंधित अधिकारियों की नजर शायद जिला मुख्यालय पर नहीं पड़ी है। यहां मीडिया सेंटर और विकास भवन पार्क में लगा हैंडपंप लंबे समय से खराब है। उसमें पानी नहीं निकल रहा है, भीषण गर्मी में लोग पानी के लिए इधर-उधर भटकते हैं। तो उनको बोतल बंद पानी पैसा देकर खरीदना पड़ता है। वहीं इस बार जिला मुख्यालय पर अब तक प्याऊ की भी व्यवस्था नहीं की गई है।





**टंडे पानी के प्याऊ भी बने शोपीस**

**आरडीसी के वाटर प्लांट खराब पड़े हैं जिसकी वजह से लोगों को पेयजल के लिए भटकना पड़ता है।**

करंट क्राइम : आरडीसी में एक योजना के तहत आरो वाले पानी के चिइल्ड वाटर प्लांट लगाए गए थे। वह भी बीते लंबे समय से शोपीस बने हुए हैं। उनके ठीक नहीं होने की वजह से लोगों को पेयजल के लिए भटकना पड़ता है। वहीं भीषण गर्मी के इस सीजन में भी लोगों को उनसे प्यास बुझाने के लिए पानी नहीं मिल पा रहा है। उधर महापौर सुनीता दयाल का कहना है कि इस संबंध में जल्द ही कार्रवाई की जाएगी।



# दिल्ली में तांडव मचा रही जानलेवा गर्मी

## सफदरजंग में 24 घंटे में हीट स्ट्रोक से 11 की मौत

**नई दिल्ली।** सफदरजंग अस्पताल में बीते 24 घंटे में भीषण लू के कारण 33 मरीजों को भर्ती किया गया। वहीं, अस्पतालों में पहले से भर्ती और नए मरीजों में से करीब 13 मरीज ने भीषण लू के कारण दम तोड़ दिया। राजधानी समेत देश के कई राज्यों में इन दिनों भीषण गर्मी तांडव मचा रही है।

दिल्ली में गर्मी जानलेवा होती जा रही है। लोग हीट स्ट्रोक का शिकार हो रहे हैं। सफदरजंग अस्पताल में बीते 24 घंटे में भीषण लू के कारण 33 मरीजों को भर्ती किया गया। वहीं, अस्पतालों में पहले से भर्ती और नए मरीजों में से करीब 13 मरीज ने भीषण लू के कारण दम तोड़ दिया। उधर, सेंटर फॉर होलिस्टिक डेवलपमेंट की एक रिपोर्ट में दावा किया जा रहा है कि 11 से 19 जून के दौरान दिल्ली में 192 बेघर लोगों की गर्मी के कारण मौत की हुई है।

एक दिन में 142 शवों का दाह संस्कार

दिल्ली में लोगों के मरने वालों मौतों का आंकड़ा डराने वाला है। दिल्ली निगमबोध घाट पर शवों की कतारें लगी हुई हैं। कोरोना महामारी के दौर के बाद इन दिनों दिल्ली में बुरा हाल है। बुधवार को निगम बोध घाट में कोरोना के बाद सबसे ज्यादा दाह संस्कार हुए। रात 12 बजे तक 142 शवों का दाह संस्कार किया गया। दिल्ली के निगम बोध घाट पर इस साल जून महीने में अभी तक 1101 शवों का अंतिम संस्कार किया गया है।




### दिल्ली में गर्मी ने रिकॉर्ड तोड़ा

दिल्ली में न्यूनतम तापमान ने 55 वर्ष का रिकॉर्ड तोड़ दिया। मौसम विभाग के सफदरजंग केंद्र के अनुसार 18 जून की रात न्यूनतम पारा सामान्य से 8 डिग्री अधिक 35.2 डिग्री दर्ज किया गया जो 1969 के बाद सर्वाधिक है। 23 मई, 1972 को न्यूनतम पारा 34.9 डिग्री रहा था।

### बदला मौसम का मिजाज

दिल्ली-एनसीआर में बीती रात करीब 10 बजे से मौसम अचानक बदल गया और धूल भरी आंधी के साथ कहीं-कहीं हल्की बारिश हुई है। मौसम विभाग से मिली सूचना के अनुसार इस दौरान 40 से 60 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से हवा चली जिससे तापमान में कुछ कमी आई है। पहाड़ से लेकर मैदान तक मौसम का मिजाज बदला है।

### 23 जून से फिर बढ़ेगा तापमान, चलेगी लू, येलो अलर्ट

अधिकतम तापमान 42 और न्यूनतम तापमान 33 डिग्री रहने का अनुमान है। 23 जून से एक बार फिर से तापमान में बढ़ोतरी होनी शुरू होगी और लू की स्थिति फिर बनेगी। इसके लिए विभाग ने येलो अलर्ट जारी किया है। 23 से 25 जून तक तापमान 45 डिग्री और न्यूनतम तापमान 34 डिग्री रहने का अनुमान है।

# शिक्षा मंत्री के घर के बाहर एनएसयूआई ने बोरे से 'नकली नोट' हवा में उछाले

**नई दिल्ली।** यूजीसी-नेट परीक्षा रद्द करने के खिलाफ छात्र संघ एनएसयूआई ने शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के आवास के बाहर प्रदर्शन किया है। पुलिस ने एनएसयूआई नेताओं और कार्यकताओं को पुलिस ने हिरासत में लिया है। यूजीसी-नेट परीक्षा रद्द करने के खिलाफ छात्र संघ एनएसयूआई ने शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के आवास के बाहर प्रदर्शन किया है। इस दौरान उन्होंने जमकर नारेबाजी की। प्रदर्शनकारियों ने नीट-यूजी परीक्षा में हुई अनियमितताओं की जांच की भी मांग की। पुलिस ने एनएसयूआई नेताओं और कार्यकताओं को पुलिस ने हिरासत में लिया है।



भारतीय राष्ट्रीय छात्र संघ (एनएसयूआई) के सदस्य अपने राष्ट्रीय अध्यक्ष वरुण चौधरी के नेतृत्व में प्रधान के आवास के बाहर अन्य छात्रों ने प्रदर्शन किया। नीट और नेट परीक्षा में कथित घोटाले के खिलाफ अपने विरोध को दशार्ने के लिए पांच सौ रुपये के नकली नोट हवा में उछाले। प्रदर्शनकारियों ने राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी (एनटीए) पर प्रतिबंध लगाने और पेपर लीक की कथित घटनाओं की जांच की मांग की।

### परीक्षा के एक दिन बाद ही कैंसिल हुआ यूजीसी-नेट का एग्जाम

शिक्षा मंत्रालय ने नेशनल टेस्टिंग एजेंसी द्वारा आयोजित कराए गई यूजीसी-नेट परीक्षा को रद्द करने का एलान कर दिया। परीक्षा आयोजित होने के एक दिन बाद ही सरकार ने परीक्षा रद्द करने का एलान कर सभी को चौंका दिया। एनटीए द्वारा कराई जाने वाली नीट की मेडिकल एंट्रेस परीक्षा भी सवालों के घेरे में है और फिलहाल सुप्रीम कोर्ट इसकी समीक्षा कर रहा है। अब यूजीसी-नेट की परीक्षा रद्द होने से गंभीर सवाल खड़े हो गए। गौरतलब है कि एनटीए ने इस बार ऑफलाइन तरीके से ओएमआर शीट पर परीक्षा कराई। देशभर में 317 केंद्रों पर 11.21 लाख छात्रों ने परीक्षा दी थी। हालांकि परीक्षा रद्द होने के बाद अब पूरी कवायद फिर से होगी।

# एसडीएम की गाड़ी से पुलिस ने नीली बत्ती व हूटर हटवाया

### एसएसआई और चौकी इंचार्ज लाइन हाजिर

**लखनऊ।** बाराबंकी में एसडीएम की गाड़ी से नीली बत्ती और हूटर निकलवाने के मामले में एसएसआई और चौकी इंचार्ज को लाइन हाजिर कर दिया गया है। मामले की शिकायत जिलाधिकारी से की गई थी। बाराबंकी शहर में एक पीसीएस अधिकारी की सरकारी गाड़ी रोककर एसएसआई और चौकी इंचार्ज ने हूटर और नीली बत्ती उतरवा दी। इसके बाद वीडियो भी वायरल होने लगा। अधिकारी ने इसे लेकर डीएम से शिकायत की तो डीएम नाराज हो गए और उन्होंने एसपी से वार्ता की।

डैमेज कंट्रोल करने के लिए तत्काल एसएसआई और चौकी चार्ज को लाइन हाजिर कर दिया गया है। पीसीएस अधिकारी मधुमिता सिंह बाराबंकी के रामनगर तहसील में एसडीएम न्यायिक के पद पर तैनात हैं। कार्रवाई के समय उनकी बहन गाड़ी में बैठी थी। देर शाम शहर से गुजरे लखनऊ अयोध्या मार्ग पर पटेल तिराहे पर शहर कोतवाली के एसएसआई वीके शर्मा और आवास विकास चौकी इंचार्ज मनोज कुमार सिंह चेकिंग कर रहे थे। इस दौरान अयोध्या की ओर से ज्वाइंट मजिस्ट्रेट और एसडीएम लिखी एक गाड़ी आई



तो पुलिसकर्मियों ने उसे रोकवा लिया। सरकारी गाड़ी पर नीली बत्ती लगी थी और हूटर भी था। दोनों सब इंस्पेक्टर ने ड्राइवर को रौब में लेते हुए तत्काल हूटर और नीली बत्ती उतरवा दी। हालांकि गाड़ी में उस समय पीसीएस अधिकारी मधुमिता की बहन बैठी थी। कुछ ही देर में इसका वीडियो वायरल होने लगा।

पुलिस के इस बर्ताव की शिकायत उन्होंने डीएम से की। डीएम ने इसे लेकर एसपी से बात की तो एसपी दिनेश कुमार सिंह ने पूरे मामले की जानकारी ली। एसपी ने बताया कि गलत व्यवहार करने के कारण दोनों पुलिसकर्मियों को लाइन हाजिर कर दिया गया है। मामले की जांच की जा रही है।

# दिल्ली बर्गर किंग हत्याकांड में फरार महिला ने पीड़ित को हनीट्रैप में फंसाया

**नई दिल्ली।** दिल्ली बर्गर किंग हत्याकांड में नया मोड़ आ गया है। पश्चिमी दिल्ली के राजौरी गार्डन में बर्गर किंग आउटलेट पर गोलीबारी में 26 वर्षीय व्यक्ति की हत्या के मामले में नया मोड़ आया है। सूत्रों ने इंडिया टुडे को बताया कि पुर्तगाल के गैंगस्टर हिमांशु भाऊ ने अपनी एक महिला सहयोगी अनु को पीड़ित को आउटलेट में लाने का जिम्मा सौंपा था। डॉन बनने की ख्वाहिशों से प्रेरित होकर 24 वर्षीय अनु ने अपराध की दुनिया में कदम रखा।

इस महत्वाकांक्षा ने उसे कुख्यात गैंगस्टर हिमांशु भाऊ के करीब ला दिया, जिसने बदले में उसे पूरी हत्या की साजिश को अंजाम देने का मौका दिया। जांच के दौरान पता चला कि हत्या के बाद फरार हुई अनु वास्तव में कई महीनों से लापता थी। अनु के परिवार ने रोहतक के एक पुलिस स्टेशन में उसकी गुमशुदगी दर्ज कराई थी ।पुलिस ने पाया



कि महिला हरियाणा में कई मामलों का सामना कर रही है और राज्य पुलिस भी उसकी तलाश कर रही है। सूत्रों ने बताया कि अनु कुछ समय से हिमांशु भाऊ के साथियों के संपर्क में थी। वह उनसे मिलने जेल भी गई थी। पुलिस को संदेह है कि वह पीड़ित को बर्गर किंग आउटलेट पर लाने के लिए बिछाए गए जाल का हिस्सा थी। दिल्ली पुलिस फिलहाल उसकी तलाश कर रही है। इससे पहले, गैंगस्टर हिमांशु भाऊ ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर पश्चिमी दिल्ली में हुई हत्या के पीछे जिम्मेदारी ली थी। गैंगस्टर ने दावा किया कि कुल 40 गोलियां चलाई गईं। उन्होंने कहा, राजौरी गार्डन में मारा गया व्यक्ति हमारे भाई शक्ति दादा की हत्या में शामिल था और यह बदला लेने की कार्रवाई थी। इसमें शामिल अन्य सभी लोगों को भी जल्द ही निशाना बनाया जाएगा।

# हरियाणा की दो लोकसभा सीटों की ईवीएम होंगी चेक

### करनाल और फरीदाबाद से मिली थी शिकायत

**चंडीगढ़।** करनाल से कांग्रेस के उम्मीदवार दिव्यांशु बुद्धिराजा की ओर से चुनाव आयोग को चिट्ठी लिख ईवीएम की जांच करने की मांग की गई थी। वहीं, फरीदाबाद से कांग्रेस के उम्मीदवार महेंद्र प्रताप द्वारा भी गड़बड़ी की आशंका जताई गई थी। हरियाणा की दो लोकसभा सीटों पर चुनाव में ईवीएम में गड़बड़ी की शिकायत को भारतीय चुनाव आयोग ने गंभीरता से लिया है।

ईसीआई ने करनाल और फरीदाबाद लोकसभा सीट की ईवीएम चेक करवाने का फैसला लिया है। करनाल और फरीदाबाद की लोकसभा सीटों पर हुए चुनाव की



ईवीएम चेक करवाई जाएंगी। कांग्रेस उम्मीदवारों की ओर से चुनाव के दौरान गड़बड़ी की आशंका जताई गई थी। इसे लेकर आयोग में शिकायत भी की गई थी। करनाल से कांग्रेस के उम्मीदवार दिव्यांशु बुद्धिराजा की ओर से चुनाव आयोग को चिट्ठी लिख ईवीएम की जांच करने की मांग की गई थी। वहीं, फरीदाबाद से कांग्रेस के उम्मीदवार महेंद्र प्रताप द्वारा भी गड़बड़ी की आशंका जताई गई थी। बुद्धिराजा ने पानीपत सिटी के दो और करनाल के दो बूथों की शिकायत दर्ज करवाई थी।

# महाराष्ट्र के पालघर में भारी बारिश

## नदी के उफान से सड़क पर भर गया पानी

**महाराष्ट्र।** महाराष्ट्र के पालघर में लगातार बारिश के बीच नदी के उफान से सड़क का एक हिस्सा भर गया, जिससे यातायात बाधित हो गया। इसके कारण यात्रियों को देहरजे नदी पर बने पुल का इस्तेमाल करना पड़ा, जिसे मरम्मत कार्य के लिए बंद कर दिया गया था। महाराष्ट्र के पालघर में लगातार बारिश के बीच नदी के उफान से सड़क का एक हिस्सा भर गया, जिससे यातायात बाधित हो गया।

इसके कारण यात्रियों को देहरजे नदी पर बने पुल का इस्तेमाल करना पड़ा, जिसे मरम्मत कार्य के लिए बंद कर दिया गया था। जिस सड़क पर पानी भरा था, उसे वैकल्पिक मार्ग के रूप में बनाया गया था, क्योंकि पुल पर मरम्मत का काम चल रहा था। तस्वीरों में लोग पुल से डूबी सड़क को देखते हुए दिखाई दे रहे हैं। मरम्मत कार्य के दौरान पुल पर वाहन भी चलते हुए दिखाई दे रहे हैं। जिला प्रशासन ने लोगों से वैकल्पिक मार्ग का इस्तेमाल करने का आग्रह किया था, जो अब बाढ़ के पानी में डूबा हुआ है।



दूसरी ओर, भारी बारिश के कारण बोइसर और उमरोली स्टेशनों के बीच पटरियों पर पानी भर जाने के कारण पश्चिमी रेलवे पर लोकल ट्रेन सेवाएं बाधित रहीं। खराब मौसम के कारण ट्रेनें करीब 25 से 30 मिनट देरी से चल रही हैं। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग ने 20 जून (गुरुवार) से शुरू होने वाले अगले छह दिनों तक और बारिश की भविष्यवाणी की है। भारी बारिश के लिए येलो अलर्ट जारी किया गया है। दक्षिण-पश्चिम मानसून, जिसकी 12 से 18 जून के बीच प्रगति में कमी देखी गई थी, के अगले दो से तीन दिनों में महाराष्ट्र के कुछ और हिस्सों में आगे बढ़ने की उम्मीद है।

# शुगर मिल बवाल में पूर्व विधायक कांशीराम दिवाकर को सात साल की जेल, 70 हजार का जुर्माना

**रामपुर।** रामपुर की राणा शुगर मिल में 12 वर्ष पहले हुए विवाद मामले में भाजपा नेता और पूर्व विधायक कांशीराम दिवाकर समेत छह लोगों को कोर्ट ने सजा सुनाई है। पूर्व विधायक को सात साल की कैद और 70 हजार का जुर्माना भी लगाया गया है। आरोपियों पर लूटपाट, जानलेवा हमला, बंधक बनाकर मारपीट करने का आरोप लगा था। शाहबाद की राणा शुगर मिल में 12 साल पहले हुए बवाल के मामले में कोर्ट ने शाहबाद के पूर्व विधायक एवं भाजपा नेता कांशीराम दिवाकर को सात साल की सजा सुनाई है। इसके अलावा उन पर 70 हजार का जुर्माना भी लगाया गया है। अन्य छह दोषियों को एक-एक साल की जेल और दस हजार का जुर्माना लगाया गया है।

कोर्ट ने साक्ष्य के अभाव में 21 आरोपियों को बरी कर दिया है। बवाल का यह मामला शाहबाद के करीमगंज स्थित राणा शुगर मिल का है। यहां गन्ना ले जा रहे किसानों का 15 जनवरी 2012 की रात ट्रैक्टर-ट्रॉली निकालने को लेकर



कर्मचारियों से विवाद हो गया था। इसके अगले दिन आक्रोशित किसानों ने राणा शुगर मिल पर धावा बोलते हुए जमकर पथराव किया था। हमले में राणा शुगर मिल के दो अधिकारियों सहित कई कर्मचारी घायल हो गए थे।

इस मामले में भाजपा के पूर्व विधायक कांशीराम दिवाकर, भाजपा नेता सुरेश बाबू गुप्ता, कुंवरपाल समेत 39 लोगों को नामजद और 200-250 अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज किया गया था। पुलिस ने यह मामला राणा शुगर मिल के उपाध्यक्ष ओमवीर सिंह की तहरीर पर दर्ज किया था। मुकदमे में आरोपियों पर लूटपाट, जानलेवा हमला, बंधक बनाकर मारपीट करने का आरोप लगा था। पुलिस ने आरोपी महिला संजू यादव से लूट के 10 हजार रुपये बरामद होने की बात कही थी। पुलिस ने इस मामले की चार्जशीट कोर्ट में दाखिल की। कोर्ट में 28 लोगों का ट्रायल चला। ट्रायल के दौरान एक आरोपी की मृत्यु हो गई।

बुधवार को इस मामले में कोर्ट ने सुनवाई करते हुए फैसला सुनाया। कोर्ट ने इस मामले में पूर्व विधायक एवं भाजपा नेता कांशीराम दिवाकर, सुरेश बाबू गुप्ता, किशनपाल, भारत सिंह, मेघराज, महिला संजू यादव को मारपीट, डकैती, तोड़फोड़, जान से मारने की धमकी देने के मामले में दोषी करार दिया। इसके बाद सभी आरोपियों को कोर्ट ने जेल भेज दिया था। बृहस्पतिवार को सुनवाई के दौरान पूर्व विधायक कांशीराम दिवाकर को सात साल के कारावास की सजा सुनाई है।

फैसला सुनते ही सन्न रह गए पूर्व विधायक

12 साल पुराने मामले में कोर्ट की तरफ से सजा सुनाए जाने के दौरान पूर्व विधायक कांशीराम समेत छह लोग सन्न रह गए। कोर्ट के आदेश के बाद पुलिस ने उन्हें कस्टडी में ले लिया। सभी को जेल भेजा जा रहा है। फैसला सुनाए जाने के दौरान पूर्व विधायक के परिवार के लोगों के साथ ही उनके समर्थक भी कोर्ट परिसर में पहुंचे थे।

# अलीगढ़ में 88 दिन के लिए धारा 144 लागू

## मोहर्रम, स्वतंत्रता दिवस, रक्षाबंधन, जन्माष्टमी, विभिन्न परीक्षाओं व अन्य संवेदनशील कारणों से यह निर्णय लिया



**अलीगढ़।** 15 जून से लेकर 10 सितंबर यानी 88 दिन के लिए अलीगढ़ महानगर में धारा 144 लागू की गई है। मोहर्रम, स्वतंत्रता दिवस, रक्षाबंधन, जन्माष्टमी, विभिन्न परीक्षाओं व अन्य संवेदनशील कारणों से यह निर्णय लिया गया है। अलीगढ़ महानगर में आगामी 88 दिन के लिए धारा 144 लागू कर दी गई है। इसका आदेश 15 जून से 10 सितंबर तक लागू रहेगा। 17 जुलाई को मोहर्रम, 15 अगस्त को स्वतंत्रता दिवस, 19 अगस्त को रक्षाबंधन, 26 अगस्त को जन्माष्टमी, विभिन्न परीक्षाओं व अन्य संवेदनशील कारणों से आपातिक स्थिति को देखते हुए निर्णय लिया गया है। मामू-भांजा प्रकरण को लेकर धारा 144 के आदेश को महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

अपर जिला मजिस्ट्रेट नगर अमित कुमार भट्ट ने बताया कि स्थानीय अभिसूचना एवं अन्य माध्यमों से यह ज्ञात हुआ है कि इस अवसर पर कतिपय असामाजिक तत्व महानगर की शान्ति-व्यवस्था भंग करने की कुचेष्ठा कर सकते हैं, जिससे महानगर की शान्ति एवं कानून-व्यवस्था पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ने की सम्भावना से इन्कार नहीं किया जा सकता है। ऐसी

### 10 सितंबर तक यह न करें

- बैंकट हाल, मैरिज होम मालिक पार्टी, शादी के दौरान लाइसेंसी शस्त्रों का उपयोग नहीं करें।
- कोई भी व्यक्ति किसी प्रकार की अफवाह नहीं फैलाएगा, झूठी खबरों को प्रकाशित नहीं करेगा, न करायेगा और न ही इसके प्रसारण में सहायक होगा, जिससे आम जनता, विभिन्न वर्गों, सम्प्रदायों के मध्य घृणा व द्वेष की भावना उत्पन्न हो अथवा शांति व्यवस्था भंग की सम्भावना हो।
- कोई भी व्यक्ति ऐसी तस्वीर, कार्टून, हैण्डबिल, दीवार लेख, बैनर, पोस्टर आदि नहीं लिखेगा और प्रकाशित नहीं करेगा और न करायेगा, जिससे शान्ति-व्यवस्था भंग होने की सम्भावना हो।
- कोई व्यक्ति या व्यक्तियों का समूह सार्वजनिक स्थलों, धार्मिक स्थलों यथा मंदिर, मस्जिद, गुरुद्वारा, चर्च आदि से ऐसी कोई बात का प्रसारण या चर्चा नहीं करेगा जिससे समाज में भय, आतंक, सामुदायिक वैमनस्यता एवं अव्यवस्था उत्पन्न हो।
- कोई भी व्यक्ति अथवा संगठन किसी भी व्यक्ति व समुदाय के प्रति अपमानजनक भाषा या गाली का प्रयोग नहीं करेगा और न ही किसी के पुतला दहन आदि कर व्यक्ति की मयार्दा को भंग करेगा और न ही उत्तेजनात्मक, साम्प्रदायिक नारे लगायेगा, जिससे किसी की भावनाओं को ठेस पहुँचे या शान्ति-व्यवस्था भंग होने की सम्भावना हो।
- कोई भी व्यक्ति किसी सार्वजनिक स्थान पर और घरों व दुकानों की छतों पर ईंट, पत्थर, रोडे, कांच की बोतलें, लोहे की सरिया, फेंककर मारे जाने वाली वस्तुएं एवं ज्वलनशील पदार्थ एकत्रित नहीं करेगा और न ही करायेगा।
- कोई भी व्यक्ति परीक्षा केन्द्रों, परीक्षा स्थल तथा किसी भी सार्वजनिक स्थान पर बल्लम, चाकू, तलवार, भाला अथवा आग्नेयास्त्र जैसे बन्दूक, पिस्टल आदि तथा ज्वलनशील एवं विस्फोटक पदार्थ जैसे तेजाब लेकर नहीं जायेगा और न ही अपने पास रखेगा।

# मंत्री सौरभ भारद्वाज का भाजपा पर तंज दिल्ली के मुख्य सचिव को बताया एजेंट

### जल संकट पर दो टूक जवाब

**नई दिल्ली।** राजधानी दिल्ली में आम आदमी पार्टी लगातार भाजपा पर निशाना साध रही हैं। जल संकट हो या फिर आचार संहिता का मुद्दा। सभी पर आप भाजपा पर हमलावर बनी हुई है। ताजा मामला दिल्ली के मुख्य सचिव से जुड़ा है। जिन्हें आप पार्टी भाजपा का एजेंट बता रही है।

दिल्ली सरकार में मंत्री सौरभ भारद्वाज ने गुरुवार को एक प्रेस कॉन्फ्रेंस की। जिसमें उन्होंने दिल्ली के मुख्य सचिव को भाजपा का एजेंट बता दिया। साथ ही उन्होंने रामवीर सिंह बिधूड़ी और दिल्ली के मुख्य सचिव के द्वारा भ्रष्ट आचरण का मुद्दा उठाया। मंत्री सौरभ भारद्वाज ने प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान कहा कि लोकसभा चुनावों में दिल्ली के मुख्य सचिव भारतीय जनता पार्टी के एजेंट की तरह



काम कर रहे थे। वह मतदाताओं को प्रभावित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि मैने पहले भी कहा था कि दिल्ली का जलसंकट भाजपा द्वारा प्रायोजित संकट है। बार-बार अनुरोध करने के बाद भी भाजपा की हरियाणा सरकार दिल्ली के हक का पानी नहीं दे रही है, पीने का पानी तक नहीं दे रही है।

आगे कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी खुद को प्रधान सेवक कहते हैं, ये तो बताइए दिल्ली के लोगों का गुनाह क्या है? हम आपसे अतिरिक्त पानी नहीं मांग रहे हैं, जो हमारे हक का 100 एमजीडी पानी है। वही पानी रोका जा रहा है, वो पानी हमें दें।

# दिल्ली के शालीमार बाग में एक फ्लैट में मिले शव

**नई दिल्ली।** दिल्ली के शालीमार बाग में एक फ्लैट में 72 साल की महिला संतोष और उसके 42 साल के बेटे कृष्ण की संदिग्ध हालत में मौत हो गई। उनके शरीर पर कोई चोट का निशान नहीं मिला है।

बताया जा रहा है कि महिला का बेटा शराब पीने का आदी था। घटनास्थल से शराब की बोतल मिली है। पुलिस ने शवों का पोस्टमार्टम




कराकर बेटी को सौंप दिया है। पुलिस स्वाभाविक मौत की आशंका जता रही है। पुलिस पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार कर रही है।

**गाजियाबाद नगर निगम**
(I.S.O. 14001, 18001 एवं 19001 प्रमाणित संस्था)

पत्रांकः—6690 / उद्यान / 2024—25 दिनांकः 19.06.2024

**(EXPRESSION of INTEREST) (EOI)**

गाजियाबाद नगर निगम सीमान्तर्गत स्थित पार्को / हरित पट्टियों / सेन्ट्रल वर्ज से उत्सर्जित होने वाले उद्यानिक वेस्ट / कूड़े को खाद के रूप में परिवर्तित करने हेतु इच्छुक व्यक्ति / फर्म का चयन किया जाना है। इस हेतु इच्छुक फर्म / व्यक्ति विशेष द्वारा अपना आवेदन—पत्र कार्यालय दिवस प्रातः 10:00 बजे से सायं 05:00 बजे तक उद्यान विभाग में दिनॉक 20 / 06 / 2024 से दिनॉक 05 / 07 / 2024 तक जमा किया जा सकता है तथा प्राप्त आवेदन—पत्रों का परीक्षण कर योग्य आवेदकों का दिनॉक 10 / 07 / 2024 को अपरान्ह 04:00 बजे नगर निगम मुख्यालय स्थित सभागार में साक्षात्कार किया जायेगा।

उद्यान प्रभारी
गाजियाबाद नगर निगम

दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...
03 ● नई दिल्ली।। शुक्रवार 21 जून-2024 दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित







## मेयर का ऐलान: अवैध पानी प्लांट, डेयरी संचालक, जल दोहन करने वालों पर सीलिंग के साथ लगेगा जुर्माना

● निगम के अधिकारियों ने बना लिया है कई दिनों का प्लान





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** भीषण गर्मी में पानी की महत्वता बढ़ गई है। इसी को लेकर नगर निगम जल्द ही महापौर सुनीता दयाल के दिशा निर्देश पर जल दोहन करने वाले अवैध रूप से पानी का इस्तेमाल करने वाले और वाटर हार्वेस्टिंग के माध्यम से जलदूषित करने वालों पर भी कार्रवाई करने का निर्देश दिया जा चुका है।

जानकारी है कि गाजियाबाद शहर में लगातार भूजल स्थल गिर रहा है। इसको लेकर महापौर ने अब सख्त रुक अपना लिया है और अधिकारियों को निर्देश दिया है कि अवैध पानी के प्लांट, अवैध डेरी, औद्योगिक इकाइयों पर कार्रवाई की जाए।

इसके लिए गुरुवार को एक महत्वपूर्ण बैठक भी की गई है। जिसके बाद जानकारी मिली है कि शुक्रवार से नगर निगम बड़े स्तर पर अभियान चलाएगा।



### आज कई जोन में चलेगा निगम का कार्रवाई वाला अभियान

महापौर सुनीता दयाल ने बताया है कि जलकल विभाग, पशु चिकित्सा विभाग, लघु सिंचाई विभाग समस्त टीम के साथ शुक्रवार को कई जगह सुनिश्चित की गई है, जहां अवैध डेरी पर भैंसों को जप्त करने की कार्रवाई भी की जानी है। साथ ही कुछ अवैध वाटर प्लांट भी सील किए जाएंगे। शुक्रवार को 11 बजे से शहर के पसौंडा गांव ,अशोकनगर, भोपुरा, विजयनगर, लाजपत नगर, शालीमार गार्डन, डीएलएफ कॉलोनी, गोविंदपुरम, नंदग्राम और शहीद नगर इलाकों में नगर निगम की टीम पहुंचेगी और नियमों के विरुद्ध जल दोहन करने वालों के खिलाफ सीलिंग और जुमार्ना लगाने की कार्रवाई की जाएगी।

### पानी गंदा करने वालों पर भी होगी कार्रवाई

**करंट क्राइम ।** महापौर सुनीता दयाल ने बैठक करते हुए जीएम जलकल केपी आनंद, लघु सिंचाई विभाग के अधिशासी अभियंता हरिओम कुमार, अवर अभियंता शेष मणि यादव को निर्देश दिया है कि जल दोहन करने वाले और अवैध पानी की सप्लाई और उसको गंदे करने वालों के खिलाफ जुमार्ना लगाने के साथ ही सीलिंग की कार्रवाई की जाए। साथ ही महापौर ने कहा है कि अवैध तरीके से पानी बेच रहे आरो व डेरी चला रहे हैं, इनका गंदा गोबर नाले में जाता है। सीवर जाम की समस्या होती है। साथ ही सबमरसेबल के माध्यम से जल दोहन करने वाले भी निगम के अधिकारियों की रडार पर आएंगे।

## निगम की 1702 दुकानों के मामले में व्यापारी मिले उपमुख्यमंत्री से

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** नगर निगम की 1702 दुकानों के किराए के मुद्दे को लेकर व्यापार मंडल का एक प्रतिनिधिमंडल ने लखनऊ में उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक से मुलाकात कर अपनी परेशानियों से अवगत कराया।

उप मुख्यमंत्री ने तुरंत कार्रवाई करते हुए उच्च अधिकारियों को फोन किया और इस समस्या को जल्द से जल्द निस्तारित करने के लिए कहा। साथ ही व्यापारियों को आश्वस्त किया कि निगम की 1702 दुकानों के मामले में जो भी निर्णय होगा वह व्यापारियों के हित में होगा।



उपमुख्यमंत्री से मिलने वालों में व्यापार मंडल के रमते राम रोड अध्यक्ष राकेश स्वामी, महानगर चेयरमैन सुरेश महाजन गोल मार्केट अध्यक्ष संजीव लाहौरिया, रामानुज दयाल मार्केट सुरेश एवं युवा व्यापार मंडल के प्रदेश कोषाध्यक्ष शामिल रहे।

## जब रूल लेकर आये रेल वाले तो गधे लेकर आ गये फूल वाले

### बारिश से पहले ही हो रहे हैं नगर निगम सीमा के सारे नाले साफ





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** मानसून से पहले ही नगर निगम अपनी सीमा में आने वाले सभी छोटे बड़े नालों की सफाई करा रहा है। ये पहली बार हो रहा है जब नालों की सफाई की निगरानी ड्रोन से हो रही है और उन नालों की भी सफाई तली झाड़ हो रही है जहां पहले तकनीकी समस्यायें आ जाती थी और उसे छोड़ दिया जाता था। लेकिन काम चल रहा है तो ऐसा भी सीन हो गया कि काम करने के लिए इंसान फेल हो गये और गधे पास हो गये। दरअसल मामला नियम का है और एक बड़ा नाला विवेकानन्द नगर फ्लाई ओवर की रेलवे लाइन के नीचे से जाता है। यहां पर सफाई के दौरान समस्या ये आ गई कि जहां से रेल लाइन गुजर रही है उस स्थान पर जेसीबी नहीं चलेगी और रेलवे के नियमों के कारण फिर रेलवे लाइन के नीचे वाले नाले की सफाई नहीं होगी। रेलवे ने कानून बताये और रेलवे से एक सुपरवाईजर को बाकयदा यह देखने के लिए भेजा गया कि नाले की सफाई एज पर रूल हो रही है या नहीं। वहीं जब ये सफाई चल रही थी तो फूल वाले मैम्बर भी मौजूद थे और निगम के अधिकारी भी मौजूद थे। नाले से सिल्ट निकालने के लिए विचार हुआ और फिर ये तय हुआ कि मशीन नहीं चलेगी और सिल्ट को मजदूर ऊपर नहीं लायेगे और अब ये काम गधे करेंगे।

गधे बुला लिये गये हैं और गधों में ढुलाई शुरू कर दी है। नाले से सिल्ट की ढुलाई का काम शुरू हो गया है। निगम वालों का भी कहना है कि इसके सिवा कोई विकल्प नहीं था और निगम का संकल्प ये है कि वो मानसून से पहले सभी बड़े नालों की पूरी तरह से सफाई करवा लेगा। ताकि वर्षा के मौसम में नालों के कारण जल भराव की समस्या ना हो और जब नाले साफ होंगे तो वर्षा का जल भी आसानी से निकास हो सकेगा।

## महिला सशक्तिकरण की मिसाल पेश कर रहे हैं गाजियाबाद के चार थाने

### चारों ही थानों में महिला सब इंस्पेक्टर संभाल रही हैं कमान


प्रीति, थाना लिंक रोड


रितु त्यागी, महिला थानाध्यक्ष


रविता चौधरी, निवाड़ी थानाध्यक्ष


प्रीति गर्ग, क्रॉसिंग रिपब्लिक थानाध्यक्ष

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** पुलिस कमिश्नरेट सिस्टम गाजियाबाद में इन दिनों महिला सशक्तिकरण की मिसाल प्रस्तुत की जा रही है।

कुछ समय पूर्व सूबे के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने निर्देश दिया था कि प्रत्येक जिले में एक थाना ऐसा होना चाहिए जहां महिला प्रभारी को चार्ज दिया जाए। इसकी मिसाल पुलिस कमिश्नरेट सिस्टम गाजियाबाद ने प्रस्तुत भी की है।

यहां महिला थाने के साथ कुल चार ऐसे थाने हैं, जहां महिला उप निरीक्षक कमान संभाल रही हैं। ट्रांस हिंडन में सबसे पहले महिला प्रभारी के रूप में मंगलवार की देर रात चली तबादला लिस्ट में क्रॉसिंग रिपब्लिक थाने की थानाध्यक्ष प्रीति गर्ग को बनाया गया है। पुलिस कमिश्नरेट सिस्टम गाजियाबाद में चार थाने ऐसे हैं, जहां महिला थानाध्यक्ष के रूप में जिम्मेदारी संभाल रही हैं।

लिंक रोड थाने में प्रीति सिंह को तैनाती दी गई थी। तो इसके बाद बीते दिनों महिला थानाध्यक्ष को बदल गया, वहां रितु त्यागी को जिम्मेदारी सौंपी गई है। इसके साथ ही निवाड़ी थाने की इंचार्ज रविता चौधरी को बनाया गया। तो

### लिंक रोड और निवाड़ी कर चुका है हाफ एनकाउंटर

**करंट क्राइम :** पुलिस कमिश्नरेट सिस्टम गाजियाबाद के अंतर्गत लिंक रोड थाने की प्रभारी प्रीति और निवाड़ी थाने की थानाध्यक्ष रविता चौधरी यह दोनों ऐसी थानाध्यक्ष हैं जो अपराध करने वाले अपराधियों का हाफ एनकाउंटर भी कर चुकी हैं। लिंक रोड में प्रीति ने जहां झपटमारों पर गोली चलाई थी, तो वहीं बीते दिनों रविता ने लूट करने वाले आरोपियों को अपना निशाना बनाया। दोनों ही पुलिसिंग के लिहाज से अधिकारियों के साथ बेहतर तालमेल बनाते हुए वर्किंग प्रस्तुत कर रही हैं जबकि महिला थानाध्यक्ष रितु त्यागी और क्रॉसिंग रिपब्लिक की प्रभारी प्रीति गर्ग को कुछ दिन पूर्व जिम्मेदारी दी गई है।

### कमिश्नरेट में डीआईजी से लेकर एचटीयू प्रभारी हैं महिलाएं





**करंट क्राइम :** पुलिस कमिश्नरेट सिस्टम गाजियाबाद में महिला अधिकारियों की अच्छी खासी संख्या है। यहां आईपीएस अधिकारी एडिशनल सीपी कल्पना सक्सेना हैं। तो एसीपी स्तर पर घंटाघर कोतवाली एसीपी प्रियंशी पाल, वेव सिटी की एसीपी पूनम मिश्रा, एसीपी अकाउंट्स सलोनी अग्रवाल, एसीपी ऑफिस श्वेता यादव के साथ ही चार थानों पर महिला थानाध्यक्ष और एंटी ह्यूमन ट्रैकिंग थाने की प्रभारी तरुणा सिंह हैं। उनके नेतृत्व में पिछले दिनों मसूरी इलाके में एक बाल मजदूरों के बड़े मामले में कार्रवाई भी की गई थी। इसी के साथ बड़ी संख्या में महिला निरीक्षक व उपनिरीक्षक तैनात हैं।

## कांग्रेस के अभिमन्यु क्या फिर दिखाएंगे चक्रव्यूह में घुसने की ताकत

### अगर पार्टी ने दिया टिकट तो क्या विजय चौधरी जाएंगे चुनावी चक्रव्यूह के निकट

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** विजय चौधरी कांग्रेस के पुराने नेता हैं। वो मेयर चुनाव लड़ चुके हैं और मौजूदा समय में कांग्रेस के महानगर अध्यक्ष हैं। उन्हें चुनाव लड़ने का भी अनुभव है लेकिन इस अनुभव के साथ वो ये भी महसूस कर चुके हैं कि अपने चुनाव में उनकी हालत उस अभिमन्यू की तरह हो गई थी जो चक्रव्यूह में घुस तो गया लेकिन उसी में उलझ गया था।

विजय चौधरी तब मेयर चुनाव लड़े थे जब सपा की सरकार थी और यहां वो रोचक चुनाव हुआ था कि कई अखबारों की खबर और टीवी न्यूज की ब्रेकिंग न्यूज गलत साबित हो गई थी। इस चुनाव में भाजपा के तेलूराम काम्बोज बेहद नाटकीय घटनाक्रम के बाद चुनाव जीते थे। आधी रात तक मतगणना चलती रही थी और एक समय वो आया जब सपा के सुधन रावत के मेयर निर्वाचित होने की खबर टीवी पर चल गई। नवयुग मार्किट स्थित एमबी गर्ल्स स्कूल के बाहर ढोल नगाड़े बजने शुरू हो गये।

एक समय वो आया जब भाजपाई इसी स्थान पर गेट के बाहर एकत्र हो गये और पुलिस के लठ चलने शुरू हो गये और रात के ढाई बजे तेलूराम काम्बोज विजयी घोषित किये गये। इस चुनाव में बसपा के श्यामबीर सिंह चुनाव लड़े थे और ये चुनाव विजय चौधरी के लिए चुनाव ना होकर एक ऐसा चक्रव्यूह साबित हुआ था जो उनके अपनो ने ही रचा था। वो इस चुनाव के चक्रव्यूह में घुस तो गये लेकिन इससे बाहर नहीं आ पाये। नतीजा ये हुआ कि वो चुनाव हार गये। दूसरा चक्रव्यूह विजय चौधरी ने अब लोकसभा चुनाव में महानगर अध्यक्ष के तौर पर पार किया है। लगातार बयान आये और उनके वर्किंग स्टाइल से कांग्रेस यहां वोट प्रतिशत बढ़ाने में कामयाब रही। लेकिन विजय चौधरी इस बार भी भाजपा के चक्रव्यूह को नहीं भेद पाये।




कांग्रेस की स्थिति थोड़ी ठीक जरूर हुई और अब फिर से चुनावी चक्रव्यूह तैयार है। विधानसभा का उपचुनाव आ रहा है और ऐसे में ये सवाल भी सामने आ रहा है कि अगर पार्टी ने विजय चौधरी पर भरोसा किया और उन्हें टिकट दिया तो क्या वो इस बार इस चक्रव्यूह को भेदपायेंगे। उम्मीद इसलिए भी लगायी जा रही है क्योंकि उपचुनाव के लिए परिणाम कई बार बड़े चौकाने वाले होते हैं। फिलहाल विजय चौधरी खामोश हैं और वो अपनी दावेदारी को लेकर भी कुछ रिएक्ट नहीं कर रहे हैं। क्योंकि अभी चुनाव की घोषणा होते ही एक नहीं कई चेहरे हाथ आजमायेंगे। ऐसे में ये बड़ा सवाल है कि क्या कांग्रेस के अभिमन्यू फिर से उपचुनाव में इस चक्रव्यूह को भेद पायेंगे।

### दावेदारों के फेस सामने आने के बाद तय होगा यहां चुनावी बेस

**करंट क्राइम।** विजय चौधरी जाट समाज से आते हैं और कांग्रेस का ओबीसी चेहरा हैं। हालांकि वो इस समय संगठन देख रहे हैं और ऐसे में ये एक अहम पहलू है कि पार्टी उन्हें चुनाव लड़वाने की जिम्मेदारी देती है या उनसे खुद चुनाव लड़ने को कहती है। विजय चौधरी खुद चुनाव लड़ चुके हैं और इस चुनाव में वो ये देख चुके हैं कि चुनावी रण में सबसे ज्यादा सावधान ही अपनों से रहना होता है। अभी शुरूआत है और जब चुनाव की रणभेरी बजेगी तब दावेदारी की भी रणभेरी बजेगी। दावेदारों के फेस सामने आने के बाद कांग्रेस का चुनावी बेस तय होगा।

### संगठन महानगर अध्यक्ष के रूप में विजय चौधरी के खाते में आयेगा बढ़ा वोट बैंक

**करंट क्राइम।** विजय चौधरी संगठन और चुनाव दोनों ही पारी खेल चुके हैं। संगठन वाली पारी जारी है और चुनाव वाली पारी उन्होंने मेयर चुनाव में खेली थी। उन्हें बीच चुनाव में संगठन का महानगर अध्यक्ष बनाया गया। विजय चौधरी ने बीच चुनाव में ही ये कमान संभाली और कांग्रेस के वोट बैंक में बढ़त बनायी। अब कोई कैसा भी दावा करे लेकिन यह सत्य है कि अगर संगठन हार की जिम्मेदारी लेता है तो वो बढ़े हुए वोट बैंक का क्रेडिट भी उसी के हिस्से में आता है। अगर पार्टी उन्हें बढ़े वोट बैंक का श्रेय देती है तो यहां ये भी है कि उनके स्थान पर संगठन की कमान कौन संभालेगा। क्या उपचुनाव के लिए विजय चौधरी अपने संगठन वाले पद को छोड़ देंगे।

## सड़क हादसे में युवक की मौत



**गाजियाबाद, करंट क्राइम ।** मसूरी नहर में दोस्त के साथ नहाने गए लोनी के रहने वाले इरशाद की ट्रैक्टर ट्रॉली की चपेट में आने से मौत हो गई। एसीपी (लोनी) सूर्यबली मौर्य ने बताया कि पुलिस को सूचना मिली कि इरफान ने इरशाद (32) निवासी सुल्तान मस्जिद मुस्तफाबाद कॉलोनी लोनी को दिल्ली के जीटीबी अस्पताल में भर्ती कराया है, जहां उसकी मौत हो गई। पुलिस जांच में सामने आया कि मंगलवार को इरशाद अपने साथी भूरा के साथ नहाल मसूरी में नहाने के लिए गया था। नहाने के बाद जब वह वापस आ रहे थे तभी ट्रैक्टर ट्रॉली की चपेट में आने से वह घायल हो गए। सूचना पर परिजनों ने इरशाद को जीटीबी में भर्ती कराया, जहां उसकी मौत हो गई।

## संपादकीय

# तानाशाहों का गठजोड़

उत्तर कोरिया पहुंचने पर पुतिन का जैसा भावपूर्ण स्वागत हुआ और जिस तरह से किम जोंग खुद एयरपोर्ट पर उन्हें रिसीव करने के बाद उनके साथ एक ही गाड़ी में गेस्ट हाउस गए, उसे देखते हुए साफ है कि दोनों तरफ से आपसी करीबी को रेखांकित करने में कोई कसर बाकी नहीं रखी गई। 24 साल के अंतराल के बाद हुई रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन की उत्तर कोरिया यात्रा ने न सिर्फ चौंकाया है बल्कि अंतरराष्ट्रीय हलकों में चिंता भी बढ़ाई है। इस यात्रा से दोनों देशों की करीबी बढ़ने के स्पष्ट संकेत मिले ही हैं, लेकिन ज्यादा बड़ा सवाल यह है कि इस करीबी से किस तरह के तात्कालिक और दूरगामी नतीजे सामने आ सकते हैं। पुतिन की यह यात्रा अंतरराष्ट्रीय हलकों में बन रही इस धारणा को गलत साबित करने की कोशिश के रूप में देखी जा रही है कि वह विश्व मंच पर अलग-थलग पड़ते जा रहे हैं। यात्रा ऐसे समय हुई है, जब कुछ ही दिन पहले इटली कई देशों की शिखर बैठक हुई और उसके बाद स्विट्जरलैंड में यूक्रेन शांति सम्मेलन में 80 देशों ने साझा बयान के रूप में किए गए शांति प्रस्ताव पर हस्ताक्षर किए। हालांकि भारत अपने स्वतंत्र और संतुलित रुख को बरकरार रखते हुए उस प्रस्ताव से अलग रहा।

यूक्रेन युद्ध जिस तरह से लंबा खिंचता दिख रहा है उसमें उत्तर कोरिया के सहयोग की रूस को सख्त जरूरत भी है। हालांकि दोनों पक्ष हथियारों के आदान-प्रदान की खबरों का खंडन करते हैं, लेकिन दोनों ने कॉम्प्रिहेंसिव स्ट्रैटिजिक पार्टनरशिप समझौता किया है जिसमें पुतिन के ही मुताबिक किसी भी एक देश पर हमला होने की सूरत में द्विपक्षीय सहयोग का वादा है। लंबे समय से विश्व मंच पर अलगाव झेल रहे उत्तर कोरियाई शासक किम जोंग उनके लिए भी संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के एक स्थायी सदस्य रूस की करीबी काफी मायने रखती है। अतीत में रूस नॉर्थ कोरिया के अवैध हथियार कार्यक्रम की संयुक्त राष्ट्र समर्थित जांच और उस पर लगे प्रतिबंधों का समर्थन कर चुका है लेकिन यूक्रेन युद्ध से उपजी जरूरतों और पश्चिमी देशों से बढ़ती दूरी के मद्देनजर उसके रुख में बदलाव आया है। मार्च में नॉर्थ कोरिया द्वारा सुरक्षा परिषद प्रतिबंधों के उल्लंघन की स्वतंत्र जांच से जुड़े प्रस्ताव को रूस ने वीटो कर दिया।

ऐसे में रूस की ओर से मिलने वाली तकनीकी सहायता उत्तर कोरियाई तानाशाह के मंसूबों को कैसी दिशा देगी, यह सवाल सबके मन को मथ रहा है। ध्यान रहे, अब तक चीन उत्तर कोरिया के समर्थन में खड़ा नजर आने वाला एकमात्र प्रमुख देश रहा है। हालात की मजबूरियों में ही सही, पर तानाशाहों का जैसा गठजोड़ उभरता दिख रहा है, उस पर सतर्क नजर रखने की जरूरत है।

# 'हमारी वित्तीय प्रणाली कोविड संकट से पहले की तुलना में मजबूत स्थिति में : शक्तिकांत दास



**नई दिल्ली।** आरबीआई गवर्नर शक्तिकांत दास ने कहा है कि भारत की घरेलू वित्तीय प्रणाली अब कोविड संकट पहले की तुलना में बहुत मजबूत स्थिति में है। आरबीआई गवर्नर दास ने मुंबई में 'वित्तीय प्रणाली को लचीला, भविष्य के लिए तैयार और संकट से निपटने में सक्षम' बनाए रखने से जुड़े एक सत्र के उद्घाटन के दौरान यह बात कही।

मजबूत पूंजी पर्याप्तता, गैर-निष्पादित परिसंपत्तियों का निम्न स्तर और स्वस्थ लाभप्रदता देश के बैंकिंग और गैर-बैंकिंग उधारदाताओं की पहचान बन चुकी है। ये बातें केंद्रीय बैंक आरबीआई के गवर्नर शक्तिकांत दास ने कही है। मुंबई में एक कार्यक्रम के दौरान आरबीआई गवर्नर शक्तिकांत दास ने कहा है कि भारत की घरेलू वित्तीय प्रणाली अब कोविड संकट पहले की तुलना में बहुत मजबूत स्थिति में है। आरबीआई गवर्नर दास ने मुंबई में 'वित्तीय प्रणाली को लचीला, भविष्य के लिए तैयार और संकट से निपटने में सक्षम' बनाए रखने से जुड़े एक सत्र के उद्घाटन के दौरान यह बात कही। दास ने कहा, मैं बैंकों और अन्य वित्तीय क्षेत्र की संस्थाओं को 31 मार्च को समाप्त हुए वित्तीय वर्ष में इस तरह के शानदार प्रदर्शन के लिए बधाई देना चाहता हूं।

आत्मसंतोष के लिए बिल्कुल कोई जगह नहीं है क्योंकि दुनिया बदल रही है, चुनौतियां आ रही हैं, जटिलताएं बढ़ रही हैं, और समस्याएं देश के भीतर वित्तीय प्रणाली के किसी भी कोने से उत्पन्न हो सकती हैं, या दुनिया कुछ ऐसी चीज के कारण जो आपके और मेरे लिए पूरी तरह से अनजान हो सकती है। लेकिन हमें अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होगा।

# शेयर बाजार में सेंसेक्स 200 अंक चढ़ा, निफ्टी 23550 के पार



**नई दिल्ली।** सेंसेक्स में जेएसडब्ल्यू स्टील, टाटा स्टील, आईसीआईसीआई बैंक और रिलायंस के शेयर एक प्रतिशत से अधिक की बढ़त के साथ बंद हुए। दूसरी ओर, इंडसइंड बैंक, बजाज फाइनेंस, अल्ट्राटेक सीमेंट और टीसीएस के शेयर लाल निशान पर बंद हुए। शेयर बाजार में गुरुवार को शुरूआती कमजोरी के बाद खरीदारी दिखी। बाजार लगातार पांचवें दिन नई ऊंचाई पर बंद हुआ। सेंसेक्स 141.34 (0.18%) अंकों की बढ़त के साथ 77,478.93 के नए हाई पर बंद हुआ। दूसरी ओर निफ्टी 51.00 (0.22%) अंक चढ़कर पहली बार 23,567.00 पर बंद हुआ। सेंसेक्स में जेएसडब्ल्यू स्टील, टाटा स्टील, आईसीआईसीआई बैंक और रिलायंस के शेयर एक प्रतिशत से अधिक की बढ़त के साथ बंद हुए। दूसरी ओर, इंडसइंड बैंक, बजाज फाइनेंस, अल्ट्राटेक सीमेंट और टीसीएस के शेयर लाल निशान पर बंद हुए।

# सेबी ने ओला इलेक्ट्रिक, एमक्योर फार्मा को आईपीओ लाने की मंजूरी दी



**नई दिल्ली।** इलेक्ट्रिक दोपहिया वाहन विनिमार्ता ओला इलेक्ट्रिक और दवा कंपनी एमक्योर फार्मास्युटिकल्स को वित्त जुटाने के लिए बाजार नियामक सेबी से आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) लाने की मंजूरी मिल गई है। भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) की वेबसाइट पर उपलब्ध सूचना के मुताबिक, इन दोनों ही कंपनियों के आईपीओ संबंधी दस्तावेजों के मसौदे को 10 जून को स्वीकृति मिल गई है। इसका मतलब है कि अब दोनों ही कंपनियां अपने-अपने आईपीओ लाने की दिशा में आगे बढ़ सकती हैं। ओला इलेक्ट्रिक के प्रस्तावित आईपीओ में 5,500 करोड़ रुपये के नए शेयर जारी करने के अलावा प्रवर्तकों एवं निवेशकों के पास मौजूद 9.52 करोड़ इक्विटी शेयरों की बिक्री पेशकश की जाएगी। बेंगलुरु स्थित ओला इलेक्ट्रिक ने अगस्त, 2021 में अपना पहला ईवी दोपहिया मॉडल पेश किया था। यह इलेक्ट्रिक दोपहिया बनाने के अलावा इनके लिए बैटरी पैक एवं मोटर भी बनाती है। दवा क्षेत्र की कंपनी एमक्योर फार्मास्युटिकल्स के आईपीओ में 800 करोड़ रुपये के नए शेयर जारी करने के साथ प्रवर्तकों के पास मौजूद 1.36 करोड़ इक्विटी शेयरों की भी बिक्री पेशकश की जाएगी।

# 10 लाख नौकरी मिलने की उम्मीद, उद्योग में प्रतिभा की मांग और आपूर्ति में 55-60 फीसदी का अंतर

**नई दिल्ली।** रैंडस्टैड इंडिया के निदेशक संजय शेट्टी ने कहा, महामारी के बाद नौकरियों में उछाल के कारण प्रतिभा की मांग में कमी देखने को मिली है। यह रफ्तार अगले कुछ वर्षों तक जारी रह सकती है।

इस वजह से कम से कम 10 लाख नौकरियां पैदा होंगी। हॉस्पिटैलिटी क्षेत्र में कुछ वर्षों में लगभग 10 लाख नौकरियां बढ़ने की उम्मीद है। कोरोना के बाद उबरे इस क्षेत्र को प्रतिभाओं की भारी कमी का सामना करना पड़ रहा है। रैंडस्टैड इंडिया के निदेशक संजय शेट्टी ने कहा, उद्योग में प्रतिभा की मांग और आपूर्ति का अंतर 55-60 फीसदी है। शेट्टी ने कहा, महामारी के बाद नौकरियों में उछाल के कारण प्रतिभा की मांग में कमी देखने को मिली है। यह रफ्तार अगले कुछ वर्षों तक जारी रह सकती है।

इस वजह से कम से कम 10 लाख नौकरियां पैदा होंगी। हॉस्पिटैलिटी क्षेत्र के विशेषज्ञों के मुताबिक, कुछ कंपनियां मौजूदा प्रतिभा को निखार रही हैं। मांग को पूरा करने के लिए अन्य उद्योगों से भर्ती भी कर रही हैं। इस वजह से अन्य क्षेत्रों ने प्रतिस्पर्धी वेतन, लाभ और करियर विकास की पेशकश कर प्रतिभाओं को आकर्षित करने के प्रयास तेज किए हैं।



### 2023 में 1.11 करोड़ लोगों को मिला रोजगार

टीमलीज डिग्री अप्रेंटिसशिप के उपाध्यक्ष धृति प्रसन्ना महंत ने कहा, अनुमान है कि 2023 के दौरान पर्यटन और हॉस्पिटैलिटी उद्योग ने लगभग 1.11 करोड़ लोगों को रोजगार दिया है। उद्योग में 2024 तक 1.18 करोड़ लोगों की जरूरत हो सकती है। यह मांग 2028 तक 16.5 फीसदी की वार्षिक वृद्धि के साथ बढ़कर 1.48 करोड़ पहुंच सकती है।

# सरकार ने मलावी, जिम्बाब्वे को 2,000 टन गैर-बासमती सफेद चावल के निर्यात की अनुमति दी



**नई दिल्ली।** सरकार ने दो अफ्रीकी देशों - मलावी और जिम्बाब्वे को 2,000 टन गैर-बासमती सफेद चावल के निर्यात की अनुमति दी है। विदेश व्यापार महानिदेशालय (डीजीएफटी) ने एक अधिसूचना में कहा है कि निर्यात को राष्ट्रीय सहकारी निर्यात लिमिटेड (एनसीईएल) के माध्यम से अनुमति दी गई है। हालांकि घरेलू आपूर्ति को बढ़ावा देने के लिए 20 जुलाई, 2023 से गैर-बासमती सफेद चावल के निर्यात पर प्रतिबंध लगा दिया गया है, लेकिन अनुरोध पर कुछ देशों को उनकी खाद्य सुरक्षा जरूरतों को पूरा करने के लिए सरकार द्वारा दी गई अनुमति के आधार पर निर्यात की मंजूरी है।

मलावी दक्षिण-पूर्वी अफ्रीका में एक स्थलरुद्ध देश है, जबकि जिम्बाब्वे एक दक्षिण अफ्रीकी राष्ट्र है। अधिसूचना के अनुसार, दोनों देशों को 1,000 टन गैर-बासमती चावल के निर्यात की अनुमति दी गई। डीजीएफटी ने कहा, ह्लएनसीईएल अधिसूचना के माध्यम से मलावी और जिम्बाब्वे को गैर-बासमती सफेद चावल का निर्यात की मंजूरी।ह्व भारत ने पहले भी नेपाल, कैमरून, कोट डी आइवर, गिनी, मलेशिया, फिलीपींस और सेशेल्स जैसे देशों को ऐसे निर्यात की अनुमति दी है। एनसीईएल एक बहु-राज्य सहकारी समिति है। इसे देश की कुछ प्रमुख सहकारी समितियों द्वारा संयुक्त रूप से बढ़ावा दिया जाता है। इन समितियों में गुजरात सहकारी दुग्ध विपणन संघ (जीसीएमएमएफ), भारतीय कृषक उर्वरक सहकारी लिमिटेड (इफको), कृषक भारती सहकारी लिमिटेड (कृभको), और भारतीय राष्ट्रीय कृषि सहकारी विपणन संघ लिमिटेड (नेफेड) हैं। जीसीएमएमएफ को अमूल के नाम से जाना जाता है।

## राशिफल

**मेष:** आराम व मनोरंजन के साधनों पर व्यय होगा। वैवाहिक प्रस्ताव प्राप्ति के योग हैं। राजकीय बाधा दूर होकर लाभ की स्थिति बनेगी।

**वृष:** जीवनसाथी का सहयोग प्राप्त होगा। भेंट व उपहार पर व्यय हो सकता है। किसी मामले की चिंता रह सकती है।

**मिथुन:** शारीरिक कष्ट की आशंका है। कार्य में विघ्न हो सकता है। वाणी पर नियंत्रण रखें। परीक्षा व साक्षात्कार इत्यादि में सफलता प्राप्त होगी।

**कर्क:** पुराना रोग उभर सकता है। अपेक्षित कार्यों में विलंब होने से तनाव रहेगा। आवश्यक वस्तु गुम हो सकती है, सावधानी रखें।

**सिंह:** व्यस्तता के चलते स्वास्थ्य खराब हो सकता है। खान-पान का ध्यान रखें। प्रयास सफल रहेंगे। कार्यसिद्धि से प्रसन्नता रहेगी। राजमान के योग हैं।

**कन्या:** प्रतिद्वंद्विता में वृद्धि होगी। कार्यक्षेत्र में परेशानी हो सकती है। मन तथा शरीर में थकान महसूस होगी। घर में अतिथियों का आगमन होगा। व्यय होगा।

**तुला:** कोई बड़ा काम होने से प्रसन्नता रहेगी। भाग्य का साथ रहेगा। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। धन प्राप्ति व रोजगार में वृद्धि होगी।

**वृश्चिक:** किसी मद में बड़ा खर्च हो सकता है। आर्थिक? स्थिति कमजोर हो सकती है। किसी के उकसाने में न आएं। महत्वपूर्ण निर्णय सोच-समझकर करें।

**धनु:** आशंका-कुशंका के चलते निर्णय लेने की क्षमता कम होगी। थकान रह सकती है। बकाया वसूली के प्रयास सफल रहेंगे।

**मकर:** लोगों की सहायता करने का अवसर प्राप्त होगा। सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। बिगड़े काम बनेंगे। उत्साह व प्रसन्नता से कार्य कर पाएंगे।

**कुंभ:** किसी धार्मिक कार्यक्रम में हिस्सा लेने का अवसर मिल सकता है। आत्मिक शांति रहेगी। किसी विवाद में विजय प्राप्त होगी। धन प्राप्ति सुगम होगी।

**मीन:** वाहन, मशीनरी व अग्नि आदि के प्रयोग में सावधानी रखें। विशेषकर युवा वर्ग लापरवाही न करें। भागदौड़ अधिक होगी।

## चुटकुले

सास - दामाद जी, कब वापस जा रहे हो?
दामाद - क्यों?
सास - बहुत दिन हो गए...
दामाद - आपकी बेटी तो दस-दस महीने मेरे यहां रह रही है, मैंने तो जाने को नहीं बोला...
सास - दामाद जी, वो तो आपके यहां ब्याही गई है न...
दामाद - और मैं क्या यहां अपहरण करके लाया गया हूं?

---

मास्टर जी क्लास में आए तो चिंटू हल्ला मचा रहा था। तो मास्टर जी ने चिंटू को उठाया और उससे मुहावरे पूछने लगे
मास्टर जी- इस मुहावरे का अर्थ बताओ सांप की दुम पर पैर रखना।
चिंटू- पत्नी को मायके जाने से रोकना।
अब मास्टर जी ये नहीं समझ पा रहे थे कि इस बच्चे को बाहर निकालूं या क्लास का मॉनिटर बनाऊं।

## रोचक तथ्यों का करंट

- दुनिया में 11 प्रतिशत लोग बाएं हाथ का इस्तेमाल करते हैं।
- अगस्त में सबसे ज्यादा लोग पैदा होते हैं।
- औसतन लोग बिस्तर में जाने के 7 मिनिट में सो जाते हैं।
- भालू के 42 दांत होते हैं।
- शुतुरमुर्ग की आंख उसके दिमाग से बड़ी होती है।
- नींबू में स्ट्राबेरी के मुकाबले अधिक शक्कर होती है।
- आठ प्रतिशत लोगों में एक अतिरिक्त पसली होती है।
- दुनिया के 85 प्रतिशत पौधे समुद्र के अंदर होते हैं।
- हवायन अल्फाबेट सिर्फ 13 होते हैं।
- मिक्की माउस का इटली में नाम टोपोलिनो है।
- एक केकड़े का खून रंगहीन होता है। ऑक्सीजन मिलने के बाद यह नीला हो जाता है।
- पक्षियों को निगलने के लिए ग्रेविटी की जरूरत होती है।
- अंग्रेजी अल्फाबेट का सबसे अधिक इस्तेमाल किया जाने वाला लेटर ए है।
- विश्व की दो सबसे अधिक कॉमन इस्तेमाल होने वाली भाषाएं मैंड्रियन चायनीज, स्पैनिश और अंग्रेजी है।

दैनिक करंट क्राइम

समाचार पत्र में किसी भी तरह के डिस्प्ले एवं वर्गीकृत विज्ञापन (खोया-पाया, संबंध-विच्छेद, कोर्ट नोटिस, जीडीए सूचना, नाम परिवर्तन) आदि के लिए निम्न फोन नंबर एवं पते पर संपर्क करें।

संपर्क : के-2, ए ब्लॉक, कॉमर्शियल मार्केट, गोविन्दपुरम, गाजियाबाद
मो. : 9818606315 (हरीश कुमार)
8630290003 (विष्णु गुप्ता)

प्रिय पाठकों,
आप भी हमें भेज सकते हैं अपनी लिखी हुई कविता, चुटकुले, विचार, आर्टिकल या शहर से जुड़ी हुई कोई भी समस्या। हम उसे प्रमुखता से प्रकाशित करेंगे।

करंट क्राइम
K-4, A-Block, Govindpuram Commercial Area, Near LG Showroom, Ghaziabad, MoÜ 09899655497
Email: currentcrimenews@gmailÜcom
Website: wwwÜcurrentcrimeÜcom

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व सम्पादक मनोज कुमार ने ए।जी।एस। पब्लिकेशन, एफ-23, सैक्टर-6, नोएडा-201301 (गौतमबुद्धनगर) उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय 'करंट क्राइम' बी-2बी/295, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 से प्रकाशित किया। R.N.I NO. DELHIN/2015/65364

सम्पादक : मनोज कुमार
समाचार संपादक दीपक भाटी
संरक्षक : राकेश यादव, विवेक भाटी

करंट क्राइम
परिवार की ओर से आपको
जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं
21 06 2024
आज के जन्मदिन



सेलेब्रिटी जन्मदिन
मुक्ति मोहन
अभिनेत्री

जानवी शर्मा, आकाश त्यागी, अमित कुमार, प्रवीण भाटी, पंचम चौधरी, राजू छाबरा, विक्रम सिंह जादौन, विजय अरोड़ा, मधुर कुमार गुप्ता, मन मोहन चौहान, मोहन सिंह, मौ. उसमान, अरूण कुमार सिंह, नितिश सिंह, अंकित सिंह, कुणाल सिंह, अंकित शर्मा, राहुल सिंह, ईशान पुरी, राहुल गुप्ता

सूचना : आप भी अपने जन्मदिन को विशेष बना सकते हैं। अपना फोटो नाम के साथ हमें नीचे लिखे ईमेल पर भेजें। हम उसे दैनिक करंट क्राइम में स्थान देंगे।
Email : currentcrimenews@gmail.com

# 2024-25 सत्र में बांग्लादेश, न्यूजीलैंड और इंग्लैंड की मेजबानी करेगा भारत

**मुंबई।** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने 2024-25 सीजन के लिए बहुप्रतीक्षित अंतर्राष्ट्रीय घरेलू सत्र के कार्यक्रम की घोषणा कर दी है जिसमें भारत बांग्लादेश, न्यूजीलैंड और इंग्लैंड की मेजबानी करेगा। यह सीजन सितंबर में शुरू होगा, जिसमें बांग्लादेश के खिलाफ दो मैचों की टेस्ट सीरीज खेली जाएगी। इसके बाद दोनों देशों के बीच तीन मैचों की टी20 सीरीज होगी। चेन्नई में 19 सितंबर से पहला टेस्ट आयोजित किया जाएगा जबकि 27 सितंबर से कानपुर में दूसरा टेस्ट खेला जाएगा। इसके बाद तीन टी20 मैच धर्मशाला, दिल्ली और हैदराबाद में खेले जाएंगे। बांग्लादेश का दौरा समाप्त होने के बाद न्यूजीलैंड की टीम तीन मैचों की टेस्ट सीरीज के लिए भारत आएगी। पहला टेस्ट 16 अक्तूबर से बेंगलुरु में शुरू होगा। इसके बाद पुणे 24 अक्टूबर से दूसरे टेस्ट और मुंबई 1 नवंबर से तीसरे टेस्ट का मेजबानी करेगा। नए साल की शुरूआत में इंग्लैंड की टीम भारत दौरे पर आएगी। पांच मैचों की टी20 सीरीज का प्रारंभ 22 जनवरी से चेन्नई में होगा। इसके बाद दूसरा टी20 कोलकाता में 25 जनवरी को खेला जाएगा। राजकोट 28 जनवरी को, पुणे 31 जनवरी को और मुंबई 2 फरवरी को क्रमशः तीसरे, चौथे और पांचवें टी20 मैच की मेजबानी करेगा। वहीं तीन मैचों की वनडे सीरीज की शुरूआत 6 फरवरी से नागपुर में होगी। इसके बाद कटक में 9 फरवरी और अहमदाबाद में 12 फरवरी को दूसरा और तीसरा वनडे मैच खेला जाएगा।

# हॉकी इंडिया ने प्री-ओलंपिक शिविर के लिए किया भारतीय टीम का ऐलान



**नई दिल्ली।** भारतीय टीम एफआईएच हॉकी प्रो लीग में सफल प्रदर्शन के बाद लौट रही है। फिलहाल टीम 16 मैचों में 24 अंकों के साथ चौथे स्थान पर है। हॉकी इंडिया ने गुरुवार को प्री-ओलंपिक शिविर के लिए 27 संभावित खिलाड़ियों का एलान कर दिया।

यह शिविर 21 जून से 8 जुलाई तक यहां एसएआई केंद्र में आयोजित किया जाएगा। ओलंपिक में भारत को बेल्जियम, अर्जेंटीना, न्यूजीलैंड, ऑस्ट्रेलिया और आयरलैंड के साथ पूल बी में रखा गया है। टोक्यो खेलों के कांस्य पदक विजेता 27 जुलाई को न्यूजीलैंड के खिलाफ अपने ओलंपिक अभियान की शुरूआत करेंगे। भारतीय टीम एफआईएच हॉकी प्रो लीग में सफल प्रदर्शन के बाद लौट रही है। फिलहाल टीम 16 मैचों में 24 अंकों के साथ चौथे स्थान पर है। कोर ग्रुप में गोलकीपर कृष्ण बहादुर पाठक, पीआर श्रीजेश, सूरज करकेरा और डिफेंडर हरमनप्रीत सिंह, जरमनप्रीत सिंह, अमित रोहिदास, जुगराज सिंह, संजय और आमिर अली शामिल हैं। मिडफील्डर्स के तौर मनप्रीत सिंह, हार्दिक सिंह, विवेक सागर प्रसाद, सुमित, शमशेर सिंह, नीलकांत शर्मा, राजकुमार पाल, विष्णुकांत सिंह, आकाशदीप सिंह और मोहम्मद राहील मौसीन को शामिल किया गया है। वहीं, मनदीप सिंह, ललित कुमार उपाध्याय, अभिषेक, दिलप्रीत सिंह, सुखजीत सिंह, गुरजंत सिंह, बॉबी सिंह धामी और अरिजीत सिंह हुंडल फॉरवर्ड हैं जिन्हें शामिल किया गया है। स्ट्राइकर दिलप्रीत सिंह को टीम में जगह नहीं मिली है। भारतीय पुरुष हॉकी टीम के मुख्य कोच क्रेग फल्टन का मानना है कि दुनिया की शीर्ष टीमों के खिलाफ प्रो लीग मैच उनके लिए एक शानदार अनुभव था।

उन्होंने कहा, हम इस शिविर में प्रशिक्षण का एक महत्वपूर्ण खंड शुरू करना चाहते हैं, और हमें यह सुनिश्चित करने की आवश्यकता है कि हम पेरिस 2024 ओलंपिक से पहले सर्वश्रेष्ठ फॉर्म में हों। खिलाड़ियों ने एफआईएच हॉकी प्रो लीग 2023/24 में अपने मैचों से बहुत कुछ सीखा है। उन्होंने आगे कहा, इससे हमें यह समझने में मदद मिली है कि हमें कहाँ सुधार करने की आवश्यकता है। हमारे पास उन क्षेत्रों पर काम करने के लिए बहुत समय है। हमारे पास ऐसे खिलाड़ियों का एक मजबूत मिश्रण है जो कुछ भी जीतने में सक्षम हैं।

# भारतीय महिला कंपाउंड तीरंदाजी टीम फाइनल में

## नजरें विश्व कप खिताब की हैट्रिक पर



**नई दिल्ली।** शीर्ष वरीय टीम के रूप में क्वालीफाई करने वाले भारत को सीधे क्वार्टर फाइनल में जगह मिली जहां टीम ने अल सल्वाडोर को 235-227 से हराया। भारत की ज्योति सुरेखा वेनाम, अदिति स्वामी और परणीत कौर की तीरंदाजी कंपाउंड महिला तिकड़ी ने यहां विश्व कप चरण तीन के फाइनल में जगह बनाई और अब उनकी नजरें इस वैश्विक प्रतियोगिता में खिताबी हैट्रिक पर टिकी हैं। इस साल अप्रैल और मई में शंघाई और येचियोन में लगातार दो विश्व कप में स्वर्ण पदक जीतने वाली दुनिया में नंबर एक भारतीय कंपाउंड महिला टीम ने एकतरफा सेमीफाइनल में मेजबान तुर्की को 234-227 से हराकर फाइनल में जगह बनाई, जहां उनका सामना एस्टोनिया से होगा। शीर्ष वरीय टीम के रूप में क्वालीफाई करने वाले भारत को सीधे क्वार्टर फाइनल में जगह मिली जहां टीम ने अल सल्वाडोर को 235-227 से हराया। प्रियांश, अभिषेक वर्मा और प्रथमेश फुगे की पुरुष टीम को निकोलस गिरार्ड, जीन फिलिप बोल्च और एड्रियन गोनटिएर की टीम के खिलाफ कांस्य पदक के मुकाबले में सिर्फ एक अंक (235-236) से शिकस्त झेलनी पड़ी। कंपाउंड फाइनल शनिवार को खेले जाएंगे।

# इंग्लैंड और दक्षिण अफ्रीका में होगी जबरदस्त टक्कर



**नई दिल्ली।** टी20 विश्व कप 2024 के सुपर 8 में भारतीय समयानुसार शुक्रवार को दूसरा मुकाबला दक्षिण अफ्रीका और इंग्लैंड के बीच खेला जाएगा। यह मैच ग्रॉस आइलेट में रात आठ बजे शुरू होगा। टी20 अंतर्राष्ट्रीय में दक्षिण अफ्रीका और इंग्लैंड के बीच बराबरी की टक्कर रही है।

दोनों टीमों का इस प्रारूप में एक दूसरे से कुल 25 बार आमना सामना हुआ है, जिसमें दोनों टीमों को 12-12 मैचों में जीत मिली है। हालांकि टी20 विश्व कप में दक्षिण अफ्रीका का पलड़ा भारी रहा है। दोनों टीमों का इस मंच पर अब तक कुल छह बार आमना सामना हुआ है, जिसमें चार बार दक्षिण अफ्रीका विजेता रही है जबकि इंग्लैंड को दो मैचों में जीत मिली है। दक्षिण अफ्रीका ने पहले राउंड में अपने चारों मैच जीत कर इस दौर में प्रवेश किया है। हालांकि दक्षिण अफ्रीका के लिए नीदरलैंड्स, बांग्लादेश और नेपाल के खिलाफ मुकाबला आसान नहीं रहा था। जबकि इंग्लैंड की टीम को ग्रुप स्टेज में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा था लेकिन एक मैच बारिश की भेंट चढ़ने और दो मैच जीतकर वह सुपर 8 में पहुंचने में सफल रही थी।

## डिकॉक और रशीद साबित हो सकते हैं प्रमुख खिलाड़ी

आदिल रशीद को अपनी गति को धीमा करने का लाभ मिला है। 80-85 किमी प्रति घंटे की गति से गेंदबाजी करते हुए उन्होंने पिछले टी20 विश्व कप से ही बल्लेबाजों को काफी परेशान किया है। वेस्टइंडीज के खिलाफ मैच में भी उन्होंने सिर्फ.21 रन दिए और आंद्रे रसेल का विकेट हासिल किया।

ऐसे में दक्षिण अफ्रीका को रशीद से बचकर रहने की जरूरत है। क्विंटन डिकॉक आखिर फॉर्म में लौट आए हैं और उनकी यह वापसी दक्षिण अफ्रीका के लिए शुभ संकेत हैं। डिकॉक ने संयुक्त राज्य अमेरिका के खिलाफ 40 गेंदों पर 74 रन बनाए और अपनी टीम की जीत के सूत्रधार बने। इंग्लैंड डिकॉक को स्पिन के जाल में फंसाने का प्रयास कर सकती है, ऐसे में डिकॉक और स्पिन की टक्कर देखने लायक होगी।

# प्रो-बॉक्सर, डब्लूबीसी चैंपियन नीरज गोयत बिग बॉस ओटीटी में आएंगे नजर




**2008 के यूथ नेशनल टूनार्मेंट में गोल्ड मेडल जीतने के बाद, उन्होंने अपनी स्पष्ट प्रतिभा के कारण बहुत जल्दी पहचान हासिल कर ली**

**नई दिल्ली।** भारत के मशहूर पेशेवर मुक्केबाज और डब्लूबीसी एशिया खिताब धारक नीरज गोयत को बिग बॉस ओटीटी में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया गया है। नीरज दर्शकों को मंत्रमुग्ध करने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। मुक्केबाजी के इस पेशेवर खिलाड़ी ने कई म्यूजिक वीडियो में भी काम किया है और फरहान अख्तर जैसी मशहूर हस्ती को तूफान जैसी फिल्मों में मुक्केबाजी कौशल दिखाने के लिए ट्रेन भी किया था। दिलचस्प बात यह है कि उसी फिल्म में नीरज ने भी बेशक छोटा लेकिन एक रोल निभाया था। करनाल के मुक्केबाज नीरज को 2006 में इस गेम से प्यार हो गया था। 2008 के यूथ नेशनल टूनार्मेंट में गोल्ड मेडल जीतने के बाद, उन्होंने अपनी स्पष्ट प्रतिभा के कारण बहुत जल्दी पहचान हासिल कर ली। उनका करियर आगे बढ़ता चला गया और वे तीन डब्लूबीसी एशिया खिताब जीतने के बाद 2015, 2016 और 2017 में डब्लूबीसी विश्व रैंकिंग में स्थान पाने वाले भारत के पहले मुक्केबाज बन गए। बिग बॉस के घर जाने की अपनी उम्मीद में नीरज ने कहा, ₹मैं वास्तव में सम्मानित महसूस कर रहा हूं और बिग बॉस परिवार को मुझे इस शो में शामिल करने के लिए धन्यवाद देना चाहता हूं। मेरे जैसे मुक्केबाज के लिए इस माहौल में रहना और सभी आमंत्रित सदस्यों के साथ अच्छा समय बिताना एक रोमांचक समय होगा। मैं इस सीजन में खिताब जीतने के साथ-साथ अपने दर्शकों का विश्वास जीतने के लिए भी उत्सुक हूं।

# आईसीईटी पर अमेरिका-भारत की पहल को आगे बढ़ा रहा नासा



**वॉशिंगटन।** नासा प्रमुख बिल नेल्स ने कहा कि अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी ने मानवता के हित में अमेरिका और भारत की आईसीईटी की पहल को आगे बढ़ाना जारी रखा हुआ है। उन्होंने कहा कि हम दोनों देश मिलकर अंतरिक्ष के क्षेत्र में सहयोग का विस्तार कर रहे हैं, ताकि अंतरिक्ष स्टेशन में इसरो के अंतरिक्ष यात्री के साथ साझा प्रयास जारी रखा जा सके।

भारत और अमेरिका अपने अंतरिक्ष सहयोग को बढ़ा रहे हैं। अमेरिकी अंतरिक्ष एजेसी दोनों देशों के बीच महत्वपूर्ण और उभरती प्रौद्योगिकी (आईसीईटी) पर पहल को आगे बढ़ाने के लिए भी काम कर रही है। यह बात नासा प्रमुख बिल नेल्सन ने गुरुवार को कही। उन्होंने कहा कि दोनों देश अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन में इसरो के अंतरिक्ष यात्री के साथ साझा प्रयास पर काम कर रहे हैं। नेल्सन ने एक्स पर लिखा, ₹नासा ने मानवता के हित में अमेरिका और भारत की आईसीईटी की पहल को आगे बढ़ाना जारी रखा है। हम दोनों देश मिलकर अंतरिक्ष के क्षेत्र में सहयोग को गहरा कर रहे हैं, ताकि अंतरिक्ष स्टेशन में इसरो के अंतरिक्ष यात्री के साथ साझा प्रयास जारी रखा जा सके। उन्होंने कहा कि हम अभी मिशन पर काम कर रहे हैं। ये प्रयास भविष्य में मानव अंतरिक्ष यान का समर्थन करेंगे और धरती पर जीवन को बेहतर बनाएंगे। नेल्सन ने पिछले साल भारत का दौरा किया था। इस दौरान उन्होंने कई बैठकें और बातचीत की थी। उन्होंने चंद्रयान-3 मिशन की सफलता के लिए भारत की सराहना भी की थी।

भारत और अमेरिका ने मंगलवार को राष्ट्रीय राजधानी में आईसीईटी पर अमेरिका-भारत पहल की दूसरी बैठक आयोजित की। बैठक में राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) अजीत डोभाल और उनके अमेरिकी समकक्ष जेक सुलिवन ने हिस्सा लिया। बैठक के बाद दोनों देशों ने मानव अंतरिक्ष यान के लिए रणनीतिक ढांचे को अंतिम रूप दिया।

# विदेश मंत्री ने श्रीलंका में समुद्री बचाव समन्वय केंद्र का उद्घाटन किया, 'पड़ोसी पहले' नीति पर जोर



**कोलंबो।** विदेश मंत्री ने लिखा कि 'श्रीलंका, भारत की पड़ोसी पहले और सागर नीतियों का केंद्र है। अपनी पड़ोसी पहले नीति के तहत भारत अपने सभी पड़ोसियों के साथ मैत्रीपूर्ण और परस्पर लाभकारी संबंध विकसित करने के लिए प्रतिबद्ध है।' विदेश मंत्री एस जयशंकर ने गुरुवार को श्रीलंका के राष्ट्रपति रानिल विक्रमसिंघे से मुलाकात की और भारत के 60 लाख डालर की मदद से बनाए गए समुद्री बचाव समन्वय केंद्र के संयुक्त रूप से अनावरण किया।

श्रीलंकाई राष्ट्रपति के मीडिया प्रभाग) ने बताया कि दोनों नेताओं ने राष्ट्रपति भवन में मुलाकात की। इसमें कोलंबो में नौसेना मुख्यालय में एक केंद्र, हंबनटोटा में एक उप-केंद्र और गैले, अरुगाम्बे, बट्टिकलोआ, त्रिंकोमाली, कल्लारावा, प्वाइंट पेड्रो और मोलिकुलम में मानव रहित प्रतिष्ठान शामिल हैं। विक्रमसिंघे से मुलाकात के बाद एस. जयशंकर प्रधानमंत्री दिनेश गुणवर्धने से भी मुलाकात करेंगे। भारतीय विदेश मंत्री एस जयशंकर गुरुवार को श्रीलंका पहुंचे। यह उनके लगातार दूसरे कार्यकाल में पहली विदेश यात्रा है। श्रीलंका दौरे पर विदेश मंत्री एस जयशंकर द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने के लिए शीर्ष नेतृत्व के साथ बैठकें कर रहे हैं। जयशंकर का कोलंबो पहुंचने पर श्रीलंका के विदेश राज्य मंत्री थारका बालासुरिया और पूर्वी प्रांत के राज्यपाल सेंथिल थोंडामन ने उनका स्वागत किया।

## विदेश मंत्री की पहली द्विपक्षीय विदेश यात्रा

विदेश मंत्री ने कहा कि भारत का दृष्टिकोण क्षेत्र में सभी की सुरक्षा और हिंद महासागर में समुद्री सहयोगा भू-राजनीतिक ढांचा बनाने का है। एस जयशंकर ने बीती 11 जून को देश के विदेश मंत्री के रूप में लगातार दूसरी बार कार्यभार संभाला था। जयशंकर पिछले सप्ताह इटली के अपुलिया में आयोजित हुए जी7 शिखर सम्मेलन में भी शामिल हुए थे, लेकिन उस समय वे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रतिनिधिमंडल का हिस्सा थे। वहीं श्रीलंका का दौरा उनकी पहली द्विपक्षीय यात्रा है। एस जयशंकर के श्रीलंका दौरे पर भारतीय विदेश मंत्रालय ने बयान जारी कर कहा कि 'भारत की पड़ोसी पहले नीति के तहत यह यात्रा श्रीलंका को सबसे करीबी समुद्री पड़ोसी के रूप में भारत की प्रतिबद्धता को रेखांकित करती है।' श्रीलंका के राष्ट्रपति रानिल विक्रमसिंघे भारत के पड़ोस और हिंद महासागर क्षेत्र के उन सात शीर्ष नेताओं में शामिल थे, जो 9 जून को राष्ट्रपति भवन में प्रधानमंत्री मोदी और केंद्रीय मंत्रिपरिषद के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल हुए थे।

## श्रीलंका पहुंचने पर विदेश मंत्री साझा की पोस्ट

एस जयशंकर ने श्रीलंका पहुंचने पर सोशल मीडिया मंच एक्स पर साझा एक पोस्ट में लिखा 'नए कार्यकाल में पहली बार कोलंबो पहुंचा हूं। गर्मजोशी से स्वागत के लिए राज्य मंत्री थारका बालासुरिया और पूर्वी प्रांत के राज्यपाल एस थोंडामन का शुक्रिया। शीर्ष नेतृत्व के साथ अपनी बैठकों का बेसब्री से इंतजार है।

' विदेश मंत्री ने लिखा कि 'श्रीलंका, भारत की पड़ोसी पहले और सागर नीतियों का केंद्र है। अपनी पड़ोसी पहले नीति के तहत भारत अपने सभी पड़ोसियों के साथ मैत्रीपूर्ण और परस्पर लाभकारी संबंध विकसित करने के लिए प्रतिबद्ध है।'

# अब एयर न्यूजीलैंड के विमान में खतरनाक टबुर्लेंस



**वेलिंगटन।** एयर न्यूजीलैंड की एक उड़ान को खतरनाक टबुर्लेंस का सामना करना पड़ा। इस टबुर्लेंस के कारण चालक दल के सदस्यों समेत कई यात्रियों का सिर विमान की छत से टकरा गया। यह घटना 16 जून की है, जब एयरबस ए320 वेलिंगटन से क्वींसटाउन के लिए उड़ान भर रहा था। इस हादसे के बाद यात्रियों ने अपना अनुभव साझा किया। सूजे नाम की एक यात्री ने कहा, उड़ान 15 मिनट तक हवा में थी, जब ड्रिंग कार्ट नीचे की तरफ गिरने लगा। जब कार्ट रुका तो विमान में एक तेज झटका लगा। इस दौरान चालक दल का एक सदस्य हवा में उड़ा और उसका सिर छत से टकरा गया।

टबुर्लेंस के कारण एक यात्री पर गर्म कॉफी गिर गई। महिला यात्री ने कहा, इसमें आप कुछ भी नहीं कर सकते हैं। आप बंधे हुए हैं। टबुर्लेंस आगे भी होगा। आपको गर्म कॉफी से जलने के बाद खुद निपटना होगा। मैं एक ठंडे बोतल को पकड़ने में कामयाब रही और उसे अपने ऊपर डालने लगी। मैंने जमीन पर गिरी चालक दल के सदस्य से बात करने की कोशिश की। मैंने उनसे पूछा कि क्या मैं और भी बोतल का इस्तेमाल कर सकती हूं, क्योंकि मैं इस समय यही कर सकती थी। उन्होंने मुझे इसकी इजाजत दे दी। महिला के पास एक पैरामेडिक बैठा था, जिसने उसकी मदद की।

स्थानीय मीडिया ने बताया कि दोनों को विमान से उतार लिया गया है और इलाज के लिए पास के लेक डिस्ट्रिंक्ट अस्पताल भेजा गया। इस घटना के बाद यात्री ने कहा कि वह चाहती है कि एयर न्यूजीलैंड छोटी उड़ानों में गर्म पेय परोसने पर पुनर्विचार करे और अपने कॉफी पॉट पर ढक्कन में सुधार करे। एयर न्यूजीलैंड के मुख्य परिचालन अखंडता और सुरक्षा अधिकारी कैप्टन डेविड मॉर्गन ने कहाकंपनी अपनी यात्रियों और चालक दल के सदस्यों की सुरक्षा को सुनिश्चित करने के लिए अपनी परिचालन प्रक्रियाओं की समीक्षा कर रही है।

# पूर्व पीएम इमरान खान के राजनीतिक सलाहकार का लाहौर में अपहरण



**पाकिस्तान।** पाकिस्तान के लाहौर में पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान के राजनीतिक सलाहकार गुलाम शब्बीर का अपहरण किया गया। वे इस्लामाबाद की यात्रा पर थे। उनके बेटे बिलाल ने इस मामले में एफआईआर दर्ज कराई है। पाकिस्तान के लाहौर में पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान के राजनीतिक सलाहकार गुलाम शब्बीर के अपहरण की खबर सामने आई है। इस मामले में लाहौर के काहना पुलिस स्टेशन में एफआईआर दर्ज की गई है।

## गुलाम शब्बीर के बेटे ने दर्ज कराई एफआईआर

एफआईआर में बताया गया है कि गुलाम शब्बीर का दो दिन पहले अज्ञात व्यक्तियों द्वारा अपहरण कर लिया गया। आगे बताया गया है कि गुलाम शब्बीर इस्लामाबाद की यात्रा पर थे। गुलाम शब्बीर के बेटे बिलाल ने यह एफआईआर दर्ज कराई है। उन्होंने बताया कि शब्बीर देर रात लाहौर के खयाबन-ए-अमीन स्थित अपने आवास से निकल कर इस्लामाबाद की ओर चले गए थे। पछले वर्ष से जेल में कैद हैं इमरान खान बता दें कि पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) पार्टी के संस्थापक इमरान खान पिछले वर्ष से जेल में कैद हैं। वे लगभग 200 मामलों में से दोषी ठहराए गए थे। वर्ष 2022 के मई महीने में इमरान खान के नेतृत्व में लाहौर से इस्लामाबाद के लिए मार्च शुरू किया गया था। पूर्व क्रिकेटर से राजनेता बने खान को अविश्वास प्रस्ताव के बाद प्रधानमंत्री के रूप में पद से हटाया गया था। इसके बाद उन्होंने शहबाज शरीफ की गठबंधन सरकार को गिराने के लिए मार्च शुरू किया था।

# सऊदी अरब में मरने वाले 900 से अधिक हाजियों में 35 पाकिस्तानी



**सऊदी अरब।** सऊदी अरब में इस वर्ष भीषण गर्मी के कारण हज यात्रा के दौरान दुनिया भर से आए 900 से अधिक हज यात्रियों की मौत हो गई, जिनमें कम से कम 35 पाकिस्तानी तीर्थयात्री शामिल हैं। सरकार ने इसकी पुष्टि की है। पाकिस्तान के धार्मिक मामलों के मंत्रालय ने बुधवार को कहा कि इस वर्ष अत्यधिक गर्मी और खराब मौसम के कारण हज यात्रा चुनौतीपूर्ण थी, तापमान 50 डिग्री सेल्सियस तक जा पहुंचा था।

सऊदी अरब के सरकारी टेलीविजन ने बताया कि सोमवार को मक्का की मस्जिद-ए-हरममें तापमान 51.8 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया। पाकिस्तान हज मिशन के महानिदेशक अब्दुल वहाब सूमरो ने बुधवार को बताया कि खबर के अनुसार 18 जून तक कुल 35 पाकिस्तानी हज यात्रियों की मौत हुई हैं। सूमरो के हवाले से कहा गया कि मक्का में 20, मदीना में छह, मीना में चार, अराफात में तीन और मुजदलिफा में दो लोगों की मौत हुई है। उन्होंने कहा कि सऊदी सरकार ने हरमैन में दफनाने की व्यवस्था की है और अगर कोई पाकिस्तानी हजयात्री मांग करे तो उसके शव को उसके उत्तराधिकारियों के माध्यम से वापस देश भेजने के भी प्रबंध किए गए हैं। सऊदी अरब ने आधिकारिक तौर पर मौतों की जानकारी नहीं दी है, हालांकि उसने सिर्फ रविवार को ही भीषण गर्मी से निढाल होने वालों के 2700 से अधिक मामलों की सूचना दी है।

# रूसी राष्ट्रपति पुतिन राजकीय यात्रा पर वियतनाम पहुंचे, वाशिंगटन में मनाया अंतरराष्ट्रीय योग दिवस



**रूस।** रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन वियतनाम दौरे पर हैं। उत्तर कोरिया का दौरा समाप्त कर गुरुवार को राष्ट्रपति पुतिन हनोई के नोई बाई एयरपोर्ट पर पहुंचे।

रूसी राष्ट्रपति के स्वागत के लिए रेड कार्पेट बिछाया गया। वियतनाम के उप प्रधानमंत्री ट्रान हॉन्ग हा, अंतर्राष्ट्रीय मामलों के विभाग सीपीवी केंद्रीय समिति के प्रमुख ली होआई ट्रंग और वियतनाम के डिप्टी विदेश मंत्री ले थी थू हैंग ने रूसी राष्ट्रपति से मुलाकात की। इस दौरे के दौरान राष्ट्रपति पुतिन ने वियतनाम के चार नेताओं से मुलाकात की, जिसमें राष्ट्रपति, देश की कम्युनिस्ट पार्टी की केंद्रीय समिति के महासचिव, प्रधानमंत्री और नेशनल असेंबली के चेयरमैन का नाम शामिल हैं। वह सोवियत और रूसी यूनिवर्सिटी के स्नातकों से भी मिलेंगे। वियतनाम आने से पहले पुतिन उत्तर कोरिया के दौरे पर थे।

## वॉशिंगटन में योग दिवस पर इकट्ठा हुए सैकड़ों योग प्रेमी

अमेरिका के वॉशिंगटन में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के एक कार्यक्रम में सैकड़ों योग प्रेमी एकत्रित हुए। इस मौके पर अमेरिका में भारत की उप राजदूत श्रीप्रिया रंगनाथन भी शामिल हुई। प्रोटोमैक नदी के सामने एक घाट पर प्रार्थना और भारतीय क्लासिकल नृत्य प्रदर्शन के साथ कार्यक्रम को शुरू किया गया। बता दें कि हर साल 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया जाता है। इस साल का थीम 'योगा फॉर सेल्फ एंड सोसाइटी' यानी की 'अपने और समाज के लिए योग' है।

इस कार्यक्रम में शामिल होने के बाद श्रीप्रिया रंगनाथन ने कहा कि योग समाज के उज्ज्वल भविष्य के लिए सद्भाव और संतुलन बनाने का मार्ग प्रशस्त करता है। उन्होंने आगे कहा कि योग के महत्व को देखते हुए 11 दिसंबर 2014 को संयुक्त राष्ट्र ने 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के रूप में घोषित किया।




### लैंटर वाली एक अर्जी फूल वाले दो फर्जी अब अवर अभियंता की मर्जी

किस्सा विकास वाले महकमें से जुड़ा है और किस्से में वो नवभाजपाई है जो मौहल्ले के हर विकास नारियल में घुस लेता है,किस्से में युवा भाजपाई भी है और किस्से में फर्जी पद है और किस्सा वार्ड से लेकर विकास वाले महकमें तक गूंज रहा है। मौहल्ले में निर्माण हो तो इन दिनो अवर अभियंता सुपरवाईजर से पहले सक्रिय भाजपाई पहुंच जाते हैं। जिस मकान को दो भाजपाई बनवा रहे थे अब उनकी तमन्ना है कि मकान पर बुलडोजर चल जाये। पहले भाजपाई ने अवर अभियंता को फोन किया और खुद को सगंठन मंत्री बताया और याद दिलाया कि मैने शिकायत की थी उसका क्या हुया। सीन में मोड़ तब आया जब उसी मकान को लेकर नवभाजपाई का फोन आ गया और उसने खुद को मंत्री बताया और वो ही मकान का याद दिलाया। अब अवर अभियंता का माथा चकराया कि मकान बनवाने की हिमायत में सगंठन मंत्री और मंत्री फोन करें तो ठीक लेकिन मकान तुड़वाने के लिये दो भाजपाई इतने जोर क्यों लगा रहे हैं। जब अर्जी की जांच की तो पता चला कि ये तो दोनो ही फर्जी हैं। एक को तो बड़ी मुश्किल से मेंबर दीदी की सिफारिश पर पटका भाजपाई बनाया गया था और जिन दूसरी दीदी के यहां वो दीवानगी दिखा रहे थे उनकी ही जिले से रवानगी दर्ज हो गई। बहरहाल किस्से में रोचक करंट ये है कि जो लैंटर डलवा रहे थे वो अब चाहते हैं कि लैंटर टूटे या सील लगे। बताने वाले ने बताया कि सेंटिग एरर का मामला है और वो पुराना समाजवादी तो पहले से ही इस तरह के शिकायत गेम का आदी हैं। ये तो तय हो गया कि दोनो भाजपाईयों का वर्तमान वाला पद परिचय फर्जी है अब आगे अवर अभियंता की मर्जी हैं।

### हैल्थ वाले अफसर से सीखना चाहिये विवाद को मैनेज करना

जो बात जुबान से संभल सकती थी उस बात को लेकर घमासान हो गये। पुलिस वालों पर पालिटिक्स के आरोप लग गये और पालिटिक्स वालों पर पुलिस मांगने के आरोपो का शोर सुनाई दिया। सरकार वाले तो इस रण में खामोश रहे लेकिन उदाहरण सरकारी महकमें वाले ने ही दिया। उन्होने कहा कि मैनेज करना सीखना चाहिये हैल्थ वाले अफसर से। अजी उनकी शिकायत तो एक नही दो नही तीन नही बल्कि चारों विधानसभा वालों ने की थी। लेकिन हैल्थ वालें हकीम भी तो हैं और वो हुकूमत की नब्ज भी जानते हैं। किस की शरण में गये किस के चरण में गये लेकिन दाद देनी होगी कि चारों के चारों को साध लिया। वो खुश भी ये कहकरहुये कि अभी तक को महकमें में सब सेट थे लेकिन अब तो राजनीति में भी सब सेट हो गये। सरकार में हमने ये ही तो व्यहार कमाया हैं और महकमें वाले बताते हैं कि सरकार में उन्होने ही तो कमाया है।

### उड़ रहे हैं नहर टू नदिया वाली दावेदारी के हैलीकाप्टर

अभी उपचुनाव के सूत और मतदान की कपास का अता पता नही है लेकिन भगवा जुलाहों में लठम लठा शुरू हो गई है। चर्चा फूल वालों में ही चल रही थी और सीन लाईन के पार पहुंच गया। कहा गया कि लाईनपार से ही नाम आना चाहिये। नाराज दावेदार ने कह दिया कि अगर ये ही क्राईटेरिया है तो फिर एक काम कर लो कि लाईन पार को अलग विधानसभा का दर्जा दिलवा लो। कहा कि इन्हे लाईनपार के आगे कुछ नही दिख रहा और दावेदारी के हैलीकाप्टर मुरादनगर से लेकर नदियापार के उड़ रहे हैं।

### युवकों ने महिला का नहाते हुए वीडियो बनाया, रिपोर्ट दर्ज

**मोदीनगर, करंट क्राइम।** एक गांव में तीन युवकों ने पहले महिला का नहाते हुए वीडियो बनाया। अब युवक महिला को ब्लैकमेल करने का प्रयास कर रहे हैं और मोबाइल पर अश्लील मैसेज भेज रहे हैं। महिला की तहरीर पर पुलिस ने गांव के ही तीन युवकों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है। निवाड़ी थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी एक युवक अपनी पत्नी के साथ रहता है। युवक डयूटी करने के लिए बाहर जाता है और महिला घर पर अकेली रहती है। महिला का आरोप है कि गांव के ही तीन युवकों ने पड़ोसी की छत पर जाकर उसके नहाते हुए का वीडियो बना लिया और अब वे लोग वीडियो वायरल करने की धमकी देकर ब्लैकमेल कर रहे हैं। इतना ही नहीं वह महिला के मोबाइल पर अश्लील मैसेज भेजते हैं। एक दिन तो एक युवक घर के अंदर आ गया और कहने लगा तेरी वीडियो मेरे पास है। अगर मेरे साथ संबंध ना बनाए, तो वीडियो वायरल कर दूंगा। महिला का कहना है कि अगर आरोपियों के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं हुई तो वह आत्महत्या कर लेगी। पीड़िता ने इस संबंध में निवाड़ी थाने में तहरीर दी है। एसीपी ज्ञान प्रकाश राय ने बताया कि तहरीर के आधार पर विकास त्यागी, प्रवेश त्यागी व एक अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करा ली गई है।




### कौन थ्री-स्टार लगा रहा है जुगाड़



पुलिस कमिश्नरेट सिस्टम गाजियाबाद में बीते दिनों तबादला वाली मिनी एक्सप्रेस चली, तो एसीपी स्तर के अधिकारियों की भी बदली की चर्चा कम होने का नाम नहीं ले रही है। इन सबके बीच सुनने में आ रहा है कि एक एसीपी के लिए जो खतरे वाला संकेत था वह अब दूर हो गया है। वहीं पुलिस कमिश्नरेट वाले सूत्र बता रहे हैं कि एक थ्री-स्टार ऐसे हैं, जो अपना जुगाड़ लगाने में लगे हुए हैं। वैस भले वो अभी लाइन में हो पर उनका अगला टारगेट क्राइम कंट्रोल करने का है। वैसे उनको देहात से साइड लाइन किया गया था और जिले में आने से पहले ही उनकी चर्चा शुरू हो गई थी। बताया जा रहा है कि उनका मन आजकल रेलवे लाइन के बराबर वाले कार्यालय के लिए दौड़ रहा है। पर पुलिस कमिश्नरेट वाले सूत्र बता रहे हैं जब तक यहां वाले साहब हैं तब तक उनका वही थ्री-स्टार क्राइम कंट्रोल करने का काम करता रहेगा। इसी के बीच सुनने में आया है कि पुलिस कमिश्नरेट सिस्टम गाजियाबाद शुरू होने से अब तक क्राइम की लंबी बागडोर संभालने वाले प्रभारी को लेकर एक थ्री-स्टार लग गए हैं। बताया जा रहा है कि वर्तमान में लाइन से जुड़े थ्री-स्टार की तमन्ना है कि जल्द ही उनको क्राइम कंट्रोल करने वाला काम मिले। वैसे इससे पहले वाले कमिश्नरेट में उनका जलवा और जलजला किसी से छुपा नहीं है। वो इलाके में निकलते थे तो लोग सड़क किनारे जाम छल्काने का काम बंद कर देते थे। भले वहां मुकदमे वाला सीन हो गया हो लेकिन यहां पर भी उनका स्वैग यमुना से सटे वाले थानाक्षेत्र में कम नहीं था। सूत्रों ने बताया कि उनकी यहां वाली पहली ही पोस्टिंग में कभी वह थाने में बिना वर्दी पहुंचते थे, तो कभी क्राइम होने के बाद भी मौके पर आलाधिकारियों के पहुंचने के बाद ही जाना पसंद करते थे। इन सबके बीच सूत्र बता रहे हैं कि वैसे वर्तमान वाले थ्री-स्टार की वर्किंग और क्राइम कंट्रोल का स्टाइल सभी को प्रभावित करता है। हालांकि सुनने में आया है कि प्रेसवार्ता करने वाले उनके साहब भी नया फेस देखने के इच्छुक हैं पर कमिश्नरेट वाले सूत्र बता रहे हैं कि वर्तमान वाले थ्री-स्टार को रिप्लेस करने के लिए उनको अभी मेहनत करनी पड़ सकती है। वैसे पुलिस कमिश्नरेट सिस्टम गाजियाबाद के लिए कहा जाता है कि यहां कब किसका सिस्टम मजबूत हो जाए कहा नहीं जा सकता है। वैसे लग नहीं रहा है कि आने वाले दिनों में थ्री-स्टार को रिप्लेस किया जा सके।

# युवक ने की एक्स पर पीएम, सीएम पर टिप्पणी, पुलिस ने भेजा जेल

## बिजली कटौती को लेकर नाराज था युवक

### इंदिरापुरम पुलिस ने की कार्रवाई

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** इन दिनों बिजली कटौती अधिक हो रही है और कटौती से नाराज एक युवक की एक्स पर टिप्णी करना भारी पढ़ गया है। दरअसल बिजली कटौती से आक्रोशित युवक ने सोशल मीडिया पर एक्स पर पीएम मोदी और यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ पर आपत्तिजनक टिप्पणी की जिसके बाद पुलिस कमिश्नरेट ने पूरे मामले का संज्ञान लेते हुए कार्रवाई की। इंदिरापुरम पुलिस ने आरोपी युवक को गुरुवार को गिरफ्तार कर लिया है। उसके खिलाफ थाना इंदिरापुरम में माहौल खराब करने का प्रयास करने का मुकदमा दर्ज किया गया है।



### लगातार कर रहा था अभद्र टिप्पणी

**करंट क्राइम।** इंदिरापुरम एसीपी स्वतंत्र सिंह ने बताया है कि हिमांशु कौशिक ने 19 जून को अपने एक्स अकाउंट पर वसुंधरा इलाके में बिजली कटौती होने की बात लिखी। हिमांशु ने इस पोस्ट में पीएम-सीएम के लिए आपत्तिजनक शब्दों का प्रयोग किया। हिमांशु ने ऐसा पहली बार नहीं किया। वो 5 जून से लगातार बिजली कटौती और अन्य मुद्दों को लेकर पीएम-सीएम के लिए आपत्तिजनक शब्दों का प्रयोग कर रहा था।

### लखनऊ ने भी लिया गया पूरे मामले का संज्ञान

**करंट क्राइम।** इंदिरापुरम सर्किल के एसीपी स्वतंत्र कुमार सिंह ने बताया है कि सोशल मीडिया पर वायरल ट्वीट का संबंध इन्दिरापुरम के वसुन्धरा चौकी क्षेत्र से है। इसमें ट्वीट करने वाले ने प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री पर अशोभनीय भाषा का प्रयोग किया गया है। युवक को हिरासत में ले लिया गया है। बताया जा रहा है कि पूरे प्रकरण में लखनऊ में बैठे अधिकारियों ने भी संज्ञान लिया था।

# पशु अवशेष मिलने से तनाव, पुलिस बल तैनात

**मोदीनगर, करंट क्राइम।** मंदिर के निकट पशु के अवशेष मिलने से तनाव पैदा हो गया। सूचना पर पंहुची पुलिस ने किसी तरह मामले को सुलझाने को प्रयास किया।

विजय नगर कॉलोनी में देर रात शिव मंदिर के निकट पशु के अवशेष मिलने की सूचना पर भारी संख्या में हिन्दूवादी संगठनों से जुड़े लोग पंहुचे और उन्होंने जमकर हंगामा करना शुरू कर दिया। स्थिति तनावपूर्ण होने की सूचना मिलने पर भारी पुलिस बल व अधिकारी मौके पर पंहुचे और दोनों पक्षों को किसी तरह समझा बुझाकर मामले को शान्त कराया।

पुलिस ने बरामद पशु अवशेष को जांच के लिये भेज दिया है, कॉलोनी में पुलिस बल तैनात है।

# आईटीएस में एमबीए सत्र के छात्रों का विदाई समारोह किया



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** मोहननगर स्थित आईटीएस इंस्ट्रीटयूट द्वारा एमबीए सत्र के छात्रों का विदाई समारोह संस्थान के चाणक्य ऑडिटोरियम में किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन आईटीएस के निदेशक डॉ. वी एन बाजपेई और एमबीए चेयरपर्सन डॉ. उमा गुलाटी द्वारा परंपरागत दीप प्रज्वलनऔर सरस्वती वंदना के साथ किया गया। संस्थान के निदेशक डॉ. वी एन बाजपेई ने इस अवसर पर छात्रों को विषम परिस्थितियों को अपने अनुरूप बनाकर विजयी बनने की प्रेरणा दी और उनके उज्वल भविष्य की मंगल कामना की। एमबीए की चेयरपर्सन डॉ. उमा गुलाटी ने छात्रों को बधाई दी और उन्हें विभिन्न करियर और क्षेत्रों में सफलता की इच्छा व्यक्त की। इस अवसर पर आईटीएस -द एजुकेशन ग्रुप के चेयरमैन डॉ. आर पी चड्ढा ने सभी छात्रों को उनके उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाए दी। ग्रुप के वाइस चेयरमैन अर्पित चड्ढा ने छात्रों को सफलता की उच्चतम सीढ़ियों पर पहुंचने के लिए प्रोत्साहित किया।

जूनियर छात्रों द्वारा विभिन्न प्रकार के नृत्य - गीत - संगीत से भरपूर आकर्षक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये गए। विभिन्न मापदण्डों और उपलब्धियों के आधार पर उज्वल चौधरी को मिस्टर फेयरवेल एवं शांडिल्य, खुशी, तरुण भाई को मिस फेयरवेल तथा अनुराग कौशिक को मिस्टर पॉपुलर एवं सिमरनजीत कौर को मिस पॉपुलर घोषित किया गया।

# पार्षद सतेंदर चौधरी ने सेक्टर-1 के पार्क में लगे पंप का उद्घाटन किया



**साहिबाबाद,करंट क्राइम।** इन दिनों पड़ रही भीषण गर्मी से जूझ रहे लोग जल संकट से भी जूझ रहे हैं। वार्ड-30 के निवासियों की परेशानी को देखते हुए क्षेत्रीय पार्षद सतेंदर चौधरी ने गुरुवार को वार्ड 54 वसुंधरा सेक्टर-1 के पार्क में 30 एचपी का पंप का उद्घाटन किया। पार्षद सतेंदर चौधरी ने कहा कि वसुंधरा सेक्टर-1 में 30 एचपी का सबमर्सिवल मकान 880 वाले ब्लॉक के पार्क में लगवाया जा रहा है। इस क्षेत्र में हमेशा पानी की समस्या बनी रहती है। इसी समस्या को देखते हुए नगर निगम के सहयोग से यह पंप लगवाया जा रहा है। इस अवसर पर सभी क्षेत्रवासियों ने पार्षद सतेंदर चौधरी का धन्यवाद व्यक्त करते हुए कहा कि पार्षद के सहयोग से जो पंप लगाया गया है इससे वार्ड में जल संकट की समस्या से निजात मिलेगी।



# फ्लाईओवर के नीचे पार्षद की देख-रेख में हुआ नाले की सफाई का काम







**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** रेलवे लाइन पर विवेकानंद नगर फ्लाईओवर के नीचे रेलवे नाले की सफाई रेलवे द्वारा मशीन से नहीं करने दी जाती है इस कारण मैनुअल तरीके से खुदाई कर लाइन के नीचे की तरफ से मिट्टी और सिल्ट निकालने का कार्य नगर निगम के ठेकेदार द्वारा शुरू किया गया है। इस स्थान पर रेलवे लाइन के नीचे 10 से 12 फूट तक नाले में सिल्ट जमा है और एक जगह पर रेलवे लाइन के नीचे पड़े गाटर के कारण पानी निकलने का नाले में रास्ता केवल 2 फुट का बचा है। जिसके कारण राजनगर, कविनगर और शास्त्री नगर में बरसात में भारी जलभराव हो जाता है। गत वर्ष तत्कालीन नगर आयुक्त के घर के बाहर भी इसी नाले में इस स्थान पर कई जगह अवरोध होने के कारण पानी भरा था। शास्त्री नगर से पार्षद अमित त्यागी और विवेकानन्द नगर के पार्षद राजकुमार नगर लगातार इस विषय से महापौर और निगम अधिकारियों को अवगत करा रहे थे। पार्षद अमित त्यागी और निगम अधिकारियों ने खुद जाकर नाले में उतर कर नाले में वर्षो से जमा सिल्ट निकालने हेतु सफाई कार्य प्रारंभ कराया।

### वार्ड 72 में सफाई कर्मचारियों को टीम 100 के सहयोग से छतरियां बांटी गई



**साहिबाबाद,करंट क्राइम।** भीषण गर्मी में शहर को स्वच्छ और हराभरा रखना एक बडी चुनौती है। सफाई कर्मचारी अपनी कड़ी मेहनत से इस चुनौती का सामना कर रहे हैं। वही वार्ड 72 वैशाली में गुरुवार को नगर निगम के सफाई कर्मचारियों को गर्मियों से बचाव के लिए पूर्व पार्षद डॉ. मनोज गोयल द्वारा टीम 100 के सहयोग से छतरियां बांटी गई। पार्षद द्वारा टीम 100 के इस कार्य की सराहना की गई। तेज धूप में काम करने वाले सफाईकर्मियों की समस्या को अपनी समस्या मानना एक सहरानीय कार्य है। इस अवसर पर डॉ. सुनील वेद, सुभाष शर्मा, अवधेश कटियार, एस के उपाध्याय, कैलाश गोयल, भूपेंद्र, वीर सिंह चौहान सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

### चार दिन पूर्व गंगनहर में डूबे युवक का शव बरामद

**मोदीनगर, करंट क्राइम।** चार दिन पूर्व गांव बेगमाबाद के डूबे युवक का शव एनडीआरएफ व पीएसी के गोताखोरी के सर्च अभियान से ढूंढ निकाल लिया गया, शव लोहे के पुल के समीप मिला। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर परिजनों को सौंप दिया। बता दें कि गत 17 जून को गांव बेगमाबाद निवासी विशाल जाटव( 30 ) अपने मित्र के साथ गांव सौंदा के पुल पर नहाने गया था, तभी उसका पैर फिसल गया और वह डूब गया। एनडीआरएफ व पीएसी की टीम ने सर्च अभियान चलाकर शव को बरामद कर लिया।

# सीएम से मिले हापुड़ विधायक, जिला अस्पताल में सीटी स्कैन, डायलिसिस, एम.आर.आई. की मशीन की मांग



**हापुड़ करंट क्राइम।** हापुड़ विधायक विजयपाल आढ़ती ने लखनऊ में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मिलकर क्षेत्र के विकास का मुद्दा उठाया। उन्होंने विधानसभा क्षेत्र हापुड़ की विभिन्न समस्याओं से अवगत कराते हुए उनके निस्तारण की मांग की। जिस पर सीएम ने भरोसा दिलाया कि हापुड़ के विकास के लिए हरसंभव प्रयास किए जाएंगे।

क्षेत्रीय विधायक विजयपाल आढ़ती ने बताया कि हापुड़ के जिला अस्पताल के लिए डायलिसिस की मशीन और सीटी स्कैन, एम.आर.आई. की मशीनें उपलब्ध कराई जाएं। साथ ही ग्राम श्यामपुर में इंटर कॉलेज की मांग की गई। ग्राम असरा में काली नदी के पुल निर्माण की मांग की गई। जबकि हापुड़ विधानसभा में एक नगर पंचायत ( बाबूगढ़ कैंट एरिया ) है, जिसकी कोरोना काल के बाद से मासिक राज्य वित्त घट गई है उसको बढ़ाने की मांग की। किसानों पर जो नलकूपों का बकाया है उसे समाप्त किया जाए। कचहरी की जमीन के लिए धनराशि आवंटित की जाए। रा.मा. 24 से श्यामपुर, मलकपुर, कन्या कल्याणपुर का चौड़ीकरण हो। जबकि चौ. ताराचंद इंटर कॉलेज से सलाई, काठी खेड़ा, अयादनगर, भटैल सम्पर्क मार्ग का चौड़ीकरण हो।

# कन्या भ्रूण हत्या रोकने के लिए मनाया संकल्प दिवस






**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** नवयुग मार्केट स्थित अन्नपूर्णा बैंकटहॉल में प्राइवेट चिकित्सक वेलफेयर एसोसिएशन व हनुमान मंगलमय परिवार ट्रस्ट के तत्वाधान में संकल्प दिवस मनाया गया। कन्या भ्रूण हत्या रोकने और लोगों को जागरूक करने के लिए ट्रस्ट प्रतिवर्ष कन्या भ्रूण हत्या रोकने के लिए संकल्प दिवस मनाता आ रहा है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश सरकार के स्वतंत्र प्रभार मंत्री नरेंद्र कश्यप एवं पूर्व राज्यसभा सांसद डॉ. अनिल अग्रवाल ने संयुक्त बयान में कहा कि कन्या भ्रूण हत्या पाप ही नहीं महापाप है जो इसके जिम्मेदार होंगे उनको इसकी सजा अवश्य मिलेगी। उन्होंने कहा कि बेटी को कभी कमजोर नहीं समझना चाहिए। इस मौके पर सभी ने कन्या भ्रूण हत्या रोकने के लिए सामूहिक रूप से संकल्प लिया।

ट्रस्ट के संस्थापक अध्यक्ष बीके शर्मा हनुमान ने कहा कि उनकी संस्था पिछले 33 वर्षों से कन्या भ्रूण हत्या रोकने के लिए संकल्प दिवस के रूप में मनाती आ रही है। इसके माध्यम से समाज के सभी वर्गों में जागरूकता का संदेश दिया जाता है।

श्री दूधेश्वर नाथ महादेव मठ मंदिर के पीठाधीश्वर एवं जूना अखाड़े के अंतरराष्ट्रीय प्रवक्ता महंत नारायण गिरी ने कहा कि कन्या माता लक्ष्मी का रूप है और जिस घर में आती है उस घर में सुख समृद्धि अपने आप आ जाती है। उन्होंने कल्पना चावला, किरण बेदी, दुर्गा भाभी, रानी लक्ष्मीबाई, तीजन बाई आदि का उदाहरण देकर बताया कि अब महिलाएं किसी भी क्षेत्र में कम नहीं हैं बल्कि पुरुषों से अधिक मान सम्मान कमा रही हैं। इस अवसर पर समाजसेविका वंदना चौधरी, विनीता पाल, बीके यशपाल, छोटेलाल कनौजिया, एडवोकेट सतीश भारद्वाज, डॉ. जहीर अहमद, डॉ. एसपी पाल, डॉ. एके जैन,डॉ. मिलन मंडल,डॉ. एसपी गुप्ता, डॉ आरपी शर्मा, डॉ. सुबोध त्यागी, डॉ. नूर मोहम्मद,डॉ. रुखसाना परवीन,डॉ. विनीत कुमार शर्मा, डॉ. केपी सरकार, डॉ. बी पी सिंह, डॉ देवाशीष ओझा, डॉ. निशा चौधरी,डॉ. सुभाष शर्मा,डॉ. दिलीप कुमार,डॉ. बिल्लू कुमार प्रजापति, डॉ. देवेंद्र कुमार, डॉ. एनएस तोमर,डॉ फरहा खान, डॉक्टर फुरकान अली, डॉ श्याम लाल सरकार,डॉ. सपन सिकदर,डॉ. श्रीकांत मलिक,डा. उस्मान अली, डॉ. सुनीता बहल, डॉ. एस निशा,आदि सैकड़ों लोग मौजूद रहे।




▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि आप ये ना सोचना कि अग्रवाल जी नहीं है शहर विधानसभा से दावेदार? वो अपनी ओर से बिल्कुल भी नहीं मांगेंगे टिकट? अगर पार्टी ने दे दिया उन्हें चुनाव लड़ने का आदेश? तो फिर नहीं कर पायेंगे वो इंकार? ऐसी उन्होंने अपने समर्थकों को बोली है बात? पूछ लो आप उन्हीं से जाकर अगर नहीं हो रहा आपको हमारी बात पर विश्वास?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि मैं आपको बताना चाहता हूं गाजियाबाद के एक बड़े वैश्य चेहरे के दिल की बात? इस बात को जायजबात करने वाले दूसरे नेता नहीं करें नजर अंदाज? उनके लिए दावेदारी की स्थिति बनायी जा रही है विकट? सुना है उनके लिए वैश्य कोटे की जगह मांगा जायेगा ओबीसी कोटे में टिकट? जायजबात करने वाले इन नेता की पैरवी उनके खास चेहरे करेंगे ओबीसी फैक्टर पर? दावेदारी उनकी वो परवान चढ़ायेंगे इसी चैप्टर पर?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि मैं भगवागढ़ के बड़े तेवतिया साहब का खींचना चाहता हूं अपनी ओर ध्यान? सुना है जब अग्रवाल जी की हुई थी राज्यसभा में एन्ट्री? तब उन्होंने विशेष रूप से गर्ग साहब के घर के बाहर अपने फोटो के साथ अग्रवाल जी का फोटो लगाकर खींचा था सबका ध्यान? अब जब गर्ग साहब को मिली है ताकत तो फिर क्यों नहीं दिखा रहे हैं तेवतिया जी इतना प्यार? जब गर्ग साहब के घर के बाहर अग्रवाल जी के होर्डिंग लगवा सकते हैं? तो फिर गर्ग साहब के घर के सामने गर्ग साहब का फोटो वाला होर्डिंग लगवाने में उनको क्या दिक्कत है यार?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि मैं आपको बताना चाहता हूं एक अंदर की बात? सुना है भगवा सरदार जी अपनी टिकट वाली सिफारिश को लेकर गये थे एक बड़े चेहरे के पास? उन्हें इस बात का एहसास नहीं था कि सामने से मिलेगा उनको टका सा जवाब? सुना है जनरली एक वक्त किया है उन्होंने किसी से बेइंतिहा प्यार? ये प्यार अब काम कर रहा है ऐसा जैसे हो कोई दो धारी तलवार? भगवा सरदार जी की अब कैसे होगी बल्ले बल्ले? जब वो चल्ले तब हर बार साहब का नाम उनके साथ चल्ले?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि किसी ने एक पूर्व विधायक से कहा कि भाईसाहब आपको पता है कि आपके प्रिय नागर देख रहे हैं विधायक बनने का ख्वाब? नागर जी के गागर में भरे सागर में दावेदारी का ज्वार भाटा उठ रहा है बेहिसाब? तब पूर्व विधायक ने कहा कि उठने दो मेरे प्रिय नागर की दावेदारी का ज्वार-भाटा? आखिर उनको सपने में ही बनने दो विधायक? इसमें हमारा आखिर क्या है जाता? सपने में नहीं चलता है किसी का बस? नींद में ही सही उन्हें आ तो रहा है रस?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि सुना है दो बड़े जनप्रतिनिधियों ने दो बार की बाबा जी से मुलाकात? पहली मुलाकात में तो कुछ नहीं हुआ? मगर दूसरी मुलाकात में जरूर बाहर आ गये जज्बात? हमें पता चला है दूसरी मुलाकात में बाबा जी थे एक जनप्रतिनिधि से बहुत ज्यादा खफा? इस बात का लगातार हो रहा था जनप्रतिनिधि को भी एहसास? मगर जनप्रतिनिधि भी सबकुछ ठान कर आये थे? उन्होंने भी बता दी बाबा जी को एक एक बात?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि हम बैठे थे गर्ग साहब के एक खास के साथ? उनका खास कर रहा था किसी को लेकर बड़ी बड़ी बात? कह रहा था कि गाजियाबाद से जुड़े एक बड़े चेहरे का नहीं हुआ है गेम ओवर? वो जल्द ही किसी राज्य की जिम्मेदारी को लेंगे संभाल? हम बता रहे हैं उनका किरदार सत्य को पालने वाले मलिक साहब से भी एक कदम आगे रहेगा? देखना इस बारे में कभी भी गर्ग साहब के विचार आ सकते है बाहर?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि मैं बैठा था कांग्रेस के महानगर अध्यक्ष चौधरी साहब के साथ? उन्होंने दबी जुबान में बता दी एक गहरी बात? कहा हमें भगवागढ़ के ही वैश्य चेहरे ने उपलब्ध कराये थे गर्ग साहब के खिलाफ कागज? मगर इन कागजों को दिलाने में कहीं से कहीं तक नहीं था जिस चेहरे पर सबसे ज्यादा शक है उसका रोल? बाकी हमारी सेहत पर कोई फर्क नहीं पड़ता? बनाते रहे भगवा वाले कितना ही माहौल?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि नदिया पार के पुरम वाले एक भगवा मीडिया धारी ने कर दिया है बड़ा ऐलान? कह दिया है मैं फैडअप हो गया हूं भाजपा की राजनीति से? मेरा है बस बसपा में जाने का प्लान? जब भी देखो यहां के पदाधिकारी काम-काम-काम और काम की ही करते हैं बात? अब योग दिवस के लिए आ रही है इनको हमारी याद? वैसे ये नहीं करते हैं हमसे कोई सम्पर्क? हमें अपने और भी काम हैं, उस पर देंगे हम ध्यान? हमें नहीं पड़ रहा अब कोई बहुत बड़ा फर्क?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि मैं बता रहा हूं आपको अंदर की बात? विभु भैया की हुई है उनसे दो घंटे मुलाकात? इतनी लंबी मुलाकात के बाद हमें दिख रही थी विभु भैया के चेहरे पर तसल्ली वाली मुस्कान? ऐसा लग रहा था 50 परसेंट हो गया है उनका काम? आप शब्दों से किससे हुई है मुलाकात, इस बात का लगा लो अंदाजा? क्योंकि जिनसे मिला है विभु भैया को आशीर्वाद, उनका रूतबा बढ़ा है ताजा-ताजा?

नोट : उठते सवालों का करंट लेखक की व्यक्तिगत राय नहीं है, बल्कि रोजाना क्षेत्र में उठने वाली चर्चाओं का संग्रह है।

# योग प्रकृति का वरदान है

## नियमित योग से जीवन में आती है सुख-शांति



**दुनियाभर में 21 जून के दिन अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया जाता है। दुनिया को योग सिखाने का श्रेष्य भी भारत को ही जाता है। लेकिन क्या आप जानते हैं कि हर साल 21 जून के दिन ही क्यों योग डे मनाया जाता है। क्योंकि किसी और दिन और महीने में इस दिन को नहीं मनाया जाता है? आज हम आपको 21 जून को योग डे मनाने के पीछे की वजह बताएंगे।**

### योग दिवस की शुरुआत

भारत से योग का संबंध सालों पुराना है। आप ये भी कहते हैं कि भारतीय संस्कृति और वेदों में योग एक प्रमुख अंग है। आज जब पूरी दुनिया योग के अहमियत को समझ रही है, तो इसका श्रेष्य भारत के योगगुरुओं को जाता है। जिनके प्रयास से दुनियाभर में योग पहुंचा है। अब सवाल है कि योग दिवस की शुरूआत कैसे हुई थी? बता दें कि पहली बार 27 सितंबर 2014 को संयुक्त राष्ट्र महासभा में भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने भाषण में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाने का प्रस्ताव रखा था। उसी वर्ष 11 दिसंबर 2014 को संयुक्त राष्ट्र महासभा ने इस प्रस्ताव को स्वीकृति देते हुए 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के रूप में मनाने की घोषणा की थी। बता दें कि इस प्रस्ताव को 177 देशों का समर्थन मिला था। जिसके बाद पहली बार दुनियाभर में योग दिवस 21 जून 2015 को मनाया गया था। इस दिन विश्व के लाखों लोगों ने सामूहिक रूप से योगाभ्यास किया था।

### योग दिवस के लिए 21 जून ही क्यों

अब दूसरा सवाल है कि आखिर हर साल 21 जून के दिन ही क्यों योग दिवस मनाया जाता है। आखिर इस दिन को योग दिवस के लिए चुनने के पीछे की वजह क्या है? जानकारी के मुताबिक योग दिवस मनाने के लिए 21 जून का ही दिन निर्धारित करने के पीछे एक खास वजह है। दरअसल 21 जून उत्तरी गोलार्ध में सबसे लंबा दिन होता है, जिसे ग्रीष्म संक्रांति कहते हैं। यह दिन साल का सबसे लंबा दिन मना जाता है। ग्रीष्म संक्रांति के बाद सूर्य दक्षिणायन में प्रवेश करता है, जिसे योग और अध्यात्म के लिए महत्वपूर्ण माना जाता है। यही कारण है कि 21 जून को योग दिवस के रूप में मनाए जाने का फैसला लिया गया था।

### योग दिवस 2024 की थीम

बता दें कि हर साल विश्व योग दिवस की एक खास थीम होती है। इस साल योग दिवस की थीम महिलाओं पर आधारित है। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस 2024 की थीम 'महिला सशक्तिकरण के लिए योग' है।









## पिछले 9 सालों में पीएम मोदी ने कहां-कहां मनाया योग दिवस

पिछले 9 साल से लगातार पीएम नरेंद्र मोदी योग दिवस के कार्यक्रम में हिस्सा लेते रहे हैं। इस साल वो श्रीनगर में डल झील के किनारे योग करेंगे। योग प्राचीन काल से भारत की संस्कृति का हिस्सा रहा है। युगों-युगों से योग का अभ्यास भारत में होता आ रहा है। पुराने समय में ऋषि मुनि योग के जरिए ही खुद को निरोगी रखते थे। योग के महत्व को समझाने के उद्देश्य से हर साल 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया जाता है। हर साल दुनियाभर के तमाम देशों के बीच अंतरराष्ट्रीय योग दिवस का प्रतिनिधित्व भारत करता है। पिछले 9 साल से लगातार पीएम नरेंद्र मोदी योग दिवस के कार्यक्रम में हिस्सा लेते रहे हैं। इस साल वो श्रीनगर में डल झील के किनारे योग करेंगे। आइए आपको बताते हैं कि पिछले 9 सालों में पीएम मोदी ने कहां-कहां योग दिवस मनाया है।

पहला योग दिवस 21 जून 2015 में मनाया गया था। पीएम नरेंद्र मोदी ने राजधानी दिल्ली में कर्तव्य पथ पर पहले अंतरराष्ट्रीय योग दिवस का नेतृत्व किया था। इस योग सत्र में पीएम मोदी के साथ 84 देशों के गणमान्य व्यक्तियों के साथ-साथ 35,985 लोगों ने योगासन किया था। इसके बाद 2016 में पीएम ने चंडीगढ़, 2017 में देहरादून, 2018 में रांची, 2019 में लखनऊ में आयोजित योग सत्र का नेतृत्व किया था।

2020 में भारत में कोरोना महामारी के चलते योग दिवस के सार्वजनिक कार्यक्रम का आयोजन नहीं किया गया। 2021 में भी यही हाल रहा। 2022 में हालात थोड़े सामान्य होने के बाद पीएम मोदी ने मैसूर पैलेस ग्राउंड में योग दिवस मनाया। वहीं साल 2023 में संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय के नॉर्थ लॉन में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस का नेतृत्व किया। इस साल 10वां योग दिवस पीएम श्रीनगर में मनाने जा रहे हैं। वे आज जम्मू-कश्मीर के लिए रवाना होंगे।



## योग से सभी उम्र के लोगों को शारीरिक-मानसिक स्वास्थ्य की प्राप्ति

योग सभी उम्र के लोगों के लिए शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य लाभ प्रदान करता है। और, अगर आप किसी बीमारी से गुजर रहे हैं, सर्जरी से उबर रहे हैं या किसी पुरानी बीमारी से पीड़ित हैं, तो योग आपके उपचार का एक अभिन्न अंग बन सकता है और संभावित रूप से उपचार को तेज कर सकता है।

योग चिकित्सक रोगियों के साथ मिलकर काम कर सकता है और उनके लिए व्यक्तिगत योजनाएँ बना सकता है जो उनकी चिकित्सा और शल्य चिकित्सा उपचारों के साथ मिलकर काम करती हैं। इस तरह, योग उपचार प्रक्रिया का समर्थन कर सकता है और व्यक्ति को अधिक केंद्रित और कम परेशानी के साथ लक्षणों का अनुभव करने में मदद कर सकता है।

### शक्ति, संतुलन और लचीलापन

धीमी गति से चलने और गहरी साँस लेने से रक्त प्रवाह बढ़ता है और मांसपेशियाँ गर्म होती हैं, जबकि मुद्रा धारण करने से ताकत बढ़ती है।

**वृक्ष मुद्रा :** एक पैर पर संतुलन बनाए रखें, जबकि दूसरे पैर को अपने पिंडली पर या घुटने के ऊपर (लेकिन कभी घुटने पर नहीं) समकोण पर रखें। एक मिनट तक संतुलन बनाए रखते हुए अपने सामने एक स्थान पर ध्यान केंद्रित करने का प्रयास करें।

### पीठ दर्द से राहत

पीठ के निचले हिस्से में दर्द से पीड़ित लोगों में दर्द को कम करने और गतिशीलता में सुधार करने के लिए योग बुनियादी स्ट्रेचिंग जितना ही अच्छा है। अमेरिकन कॉलेज ऑफ फिजिशियन क्रॉनिक लोअर बैक पेन के लिए योग को प्राथमिक उपचार के रूप में सुझाता है।

**कैट-काउ पोज :** अपने चारों पैरों पर खड़े हो जाएँ, अपनी हथेलियों को अपने कंधों के नीचे और अपने घुटनों को अपने कूल्हों के नीचे रखें। सबसे पहले, साँस अंदर लें, और अपने पेट को जमीन की ओर नीचे आने दें। फिर, साँस छोड़ते हुए, अपनी नाभि को अपनी रीढ़ की हड्डी की ओर खींचें, अपनी रीढ़ को बिल्ली की तरह खींचे।

### गठिया रोग में मददगार

जॉन्स हॉपकिन्स द्वारा 11 हालिया अध्ययनों की समीक्षा के अनुसार, सौम्य योग से गठिया से पीड़ित लोगों के कोमल, सूजे हुए जोड़ों की परेशानी में कुछ राहत मिलती है ।



### हृदय स्वास्थ्य को लाभ

नियमित योग अभ्यास तनाव और शरीर में सूजन के स्तर को कम कर सकता है, जिससे दिल स्वस्थ रहता है। हृदय रोग में योगदान देने वाले कई कारक, जिनमें उच्च रक्तचाप और अधिक वजन शामिल हैं, योग के माध्यम से भी संबोधित किए जा सकते हैं।

**अधोमुख श्वानासन :** अपने चारों पैरों पर खड़े हो जाएँ, फिर अपने पैरों की उंगलियों को नीचे की ओर मोड़ें और अपनी बैठने की हड्डियों को ऊपर लाएँ, ताकि आप एक त्रिभुज का आकार बना सकें। अपनी रीढ़ और टेलबोन को लंबा करते हुए अपने घुटनों को थोड़ा मोड़कर रखें।

### योग से पाएं बेहतर नींद

शोध से पता चलता है कि नियमित रूप से सोते समय योग करने से आपको सही मानसिकता प्राप्त करने और अपने शरीर को सोने और सोते रहने के लिए तैयार करने में मदद मिल सकती है।

**लेग्स-अप-द-वॉल पोज :** अपनी बाईं ओर दीवार के सहारे बैठें, फिर धीरे से दाईं ओर मुड़ें और अपने पैरों को दीवार के सहारे टिकाएँ, अपनी पीठ को जमीन पर टिकाएँ और अपनी बैठने की हड्डियों को दीवार के पास रखें। आप इस स्थिति में 5 से 15 मिनट तक रह सकते हैं।

### योग से पाएं अधिक ऊर्जा और बेहतर मनोदशा

नियमित योगाभ्यास करने के बाद आप मानसिक और शारीरिक ऊर्जा में वृद्धि, सतर्कता और उत्साह में वृद्धि तथा नकारात्मक भावनाओं में कमी महसूस कर सकते हैं।

### तनाव प्रबंधन में मददगार

नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ हेल्थ के अनुसार, वैज्ञानिक प्रमाण दशार्ते हैं कि योग तनाव प्रबंधन, मानसिक स्वास्थ्य, जागरूकता, स्वस्थ भोजन, वजन घटाने और अच्छी नींद में सहायक है।

**शवासन (शवसन) :** अपने अंगों को शरीर से दूर, धीरे से फैलाकर लेट जाएँ, हथेलियाँ ऊपर की ओर हों। गहरी साँस लेते हुए अपने मन को शांत करने का प्रयास करें। आप इस मुद्रा को 5 से 15 मिनट तक बनाए रख सकते हैं।

### योग आपको एक सहायक समुदाय से जोड़ता है

योग कक्षाओं में भाग लेने से अकेलेपन से राहत मिलती है और समूह उपचार और सहायता के लिए माहौल मिलता है। यहाँ तक कि एक-एक सत्र के दौरान भी अकेलापन कम होता है क्योंकि व्यक्ति को एक अद्वितीय व्यक्ति के रूप में स्वीकार किया जाता है, उसकी बात सुनी जाती है और एक व्यक्तिगत योग योजना के निर्माण में भाग लिया जाता है।

### योग लाभों पर वैज्ञानिक शोध

अमेरिकी सेना, राष्ट्रीय स्वास्थ्य संस्थान और अन्य बड़े संगठन स्वास्थ्य देखभाल में योग के महत्व के वैज्ञानिक सत्यापन को सुन रहे हैं और उसे अपना रहे हैं।

अनेक अध्ययनों से पता चलता है कि गठिया, ऑस्टियोपेनिया, संतुलन संबंधी समस्याओं, कैंसर विज्ञान, महिला स्वास्थ्य, पुराने दर्द और अन्य रोगों में योग के लाभ हैं।

## कितने प्रकार के होते हैं योगासन

**योगासन में आसन क्या है, आसन किसे कहते हैं, योगासनों का मुख्य उद्येश्य क्या है, आसन और व्यायाम में फर्क क्या है और यह कितने प्रकार के होते हैं, योग दिवस पर जानिए इन सभी को संक्षिप्त रूप में।**

### आसनों के प्रकार

1.बैठकर किए जाने वाले आसन। 2.पीठ के बाल लेटकर किए जाने वाले आसन। 3.पेट के बाल लेटकर किए जाने वाले आसन और 4. खड़े होकर किए जाने वाले आसन।

**1. बैठकर :** पद्मासन, वज्रासन, सिद्धासन, मत्स्यासन, वक्रासन, अर्ध-मत्स्येन्द्रासन, गोमुखासन, पश्चिमोत्तनासन, ब्राह्म मुद्रा, उष्ट्रासन, गोमुखासन। आदि।

**2. पीठ के बल लेटकर :** अर्धहलासन, हलासन, सर्वांगासन, विपरीतकर्णी आसन, पवनमुक्तासन, नौकासन, शवासन आदि।

**3. पेट के बाल लेटकर :** मकरासन, धनुरासन, भुजंगासन, शलभासन, विपरीत नौकासन आदि।

**4. खड़े होकर :** ताड़ासन, वृक्षासन, अर्धचंद्रमासन, अर्धचक्रासन, दो भुज कटिचक्रासन, चक्रासन, पादहस्तासन आदि।

**5. अन्य :** शीर्षासन, मयुरासन, सूर्य नम:स्कार आदि।

### पशुवत आसन

पहले प्रकार के वे आसन जो पशु-पक्षियों के उठने-बैठने और चलने-फिरने के ढंग के आधार पर बनाए गए हैं जैसे-

1. वृश्चिक आसन, 2.भुजंगासन, 3. मयूरासन, 4. सिंहासन, 5. शलभासन, 6. मत्स्यासन 7. बकासन 8. कुक्कुटासन, 9. मकरासन, 10. हंसासन, 11. काकआसन 12. उष्ट्रासन 13. कुर्मासन 14. कपोत्तासन, 15. मार्जरासन 16.क्रोंचासन 17.शशांकासन 18.तितली आसन 19.गौमुखासन 20. गरुड़ासन 21. खग आसन 22.चातक आसन, 23.उल्लुक आसन, 24.श्वानासन, 25. अधोमुख श्वानासन, 26.पार्श्व बकासन, 27.भद्रासन या गोरक्षासन, 28. कगासन, 29. व्याघ्रासन, 30. एकपाद राजकपोतासन आदि।

### वस्तुवत आसन

दूसरी तरह के आसन जो विशेष वस्तुओं के अंतर्गत आते हैं जैसे-

1.हलासन, 2.धनुरासन, 3.आकर्ण अर्ध धनुरासन, 4. आकर्ण धनुरासन, 5. चक्रासन या उर्ध्व धनुरासन, 6.वज्रासन, 7.सुप्त वज्रासन, 8.नौकासन, 9. विपरित नौकासन, 10.दंडासन, 11. तोलंगासन, 12. तोलासन, 13.शिलासन आदि।

### प्रकृति आसन

तीसरी तरह के आसन वनस्पति, वृक्ष और प्रकृति के अन्य तत्वों पर आधारित हैं जैसे-

1.वृक्षासन, 2.पद्मासन, 3.लतासन, 4.ताड़ासन 5.पद्म पर्वतासन 6.मंडूकासन, 7.पर्वतासन, 8.अधोमुख वृक्षासन 9. अनंतासन 10.चंद्रासन, 11.अर्ध चंद्रासन 13.तालाबासन आदि

### अंग या अंग मुद्रावत आसन

चौथी तरह के आसन विशेष अंगों को पुष्ट करने वाले माने जाते हैं जैसे-

1. शीर्षासन, 2. सर्वांगासन, 3. पादहस्तासन या उत्तानासन, 4. अर्ध पादहस्तासन, 5. विपरीतकर्णी सर्वांगासन, 6. सलंब सर्वांगासन, 7. मेरुदंडासन, 8.एकपादग्रीवासन, 9.पाद अंगुष्ठासन, 10. उत्थिष्ठ हस्तपादांगुष्ठासन, 11.सुप्त पादअंगुष्ठासन, 12. कटिचक्रासन, 13. द्विपाद विपरित दंडासन, 14. जानुसिरासन, 15.जानुहस्तासन 16. परिवृत्त जानुसिरासन, 17.पार्श्वोत्तानासन, 18.कर्णपीड़ासन, 19. बालासन या गर्भासन, 20.आनंद बालासन, 21. मलासन, 22. प्राण मुक्तासन, 23.शवासन, 24. हस्तपादासन, 25. भुजपीड़ासन आदि।

### योगीनाम आसन

यह वे आसन हैं जो किसी योगी या भगवान के नाम पर आधारित हैं जैसे-

1.महावीरासन, 2.ध्रुवासन, 3. हनुमानासन, 4.मत्स्येंद्रासन, 5.अर्धमत्स्येंद्रासन, 6.भैरवासन, 7.गोरखासन, 8. ब्रह्ममुद्रा, 8.भारद्वाजासन, 10. सिद्धासन, 11.नटराजासन, 12. अंजनेयासन 13.अष्टवक्रासन, 14. मारिचियासन (मारिच आसन) 15.वीरासन 16. वीरभद्रासन 17. वशिष्ठासन आदि।



# लोहा व्यापार मंडल के सौजन्य से लोहा मंडी में लगा आधार कार्ड कैंप



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** लोहा मंडी में आधार कार्ड, आय प्रमाण पत्र और राशन कार्ड बनवाने का निःशुल्क कैंप लगाया गया।

गाजियाबाद लोहा व्यापार मंडल के अध्यक्ष डॉ. अतुल कुमार जैन ने बताया कि लोहा व्यापार मंडल के तत्वाधान में क्षेत्र के कर्मचारियों, मजदूरों, श्रमिकों और जरूरतमंदों के लिए आधार कार्ड बनवाने का, आधार कार्ड में पता परिवर्तित करने के लिए, आय प्रमाण पत्र और राशन कार्ड बनवाने के लिए निशुल्क कैंप बुधवार को 108 लोहा मंडी स्थित संस्था कार्यालय के सभागार में लगाया गया। श्री जैन ने बताया कि कैंप में सुभाष चंद्र बंसल की अनुभवी टीम द्वारा सैकड़ों की संख्या में मजदूरों और श्रमिकों को जागरूक किया गया। साथ ही श्रमिकों की समस्याओं को सुनकर उनका मार्गदर्शन किया गया और प्रपत्रों को एकत्रित करके आगे की कार्यवाही करने का कार्यक्रम तय किया गया कुछ लोगों ने राशन कार्ड पर कम राशन प्राप्त मिलने की भी शिकायत की। इस अवसर पर अतुल कुमार जैन के अलावा अंबरीश जैन, राजीव मंगल, अनुराग अग्रवाल, विकास जैन और रेशु जैन उपस्थित रहे।

# निगम के पांचों जोन में हाउस टैक्स वसूली को लेकर चलेगा अभियान

## टैक्स जमा ना करने वाले बड़े बकायेदारों पर होगी सीलिंग की कार्रवाई

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** नगर निगम सीमा अंतर्गत हाउस टैक्स वसूली को लेकर वृहद स्तर पर अभियान चलाने की तैयारी चल रही है जिसके लिए मुख्य कर निर्धारण अधिकारी डॉ. संजीव तथा समस्त जोनल प्रभारियों की बैठक में कर अधीक्षक भी शामिल हुए। बैठक में बड़े बकायेदारों को टारगेट बनाते हुए हाउस टैक्स वसूली रफ्तार से करने की योजना बनाई गई। बैठक में जोनल प्रभारी मोहन नगर आरपी सिंह, जोनल प्रभारी विजयनगर विवेक त्रिपाठी, वसुंधरा जोनल प्रभारी एसके राय, कविनगर जोनल प्रभारी राजवीर सिंह, सिटी के जोनल प्रभारी अंगद गुप्ता उपस्थित रहे।

कविनगर जोन अंतर्गत लालकुआं स्थित टाटा स्टील पर लगभग एक करोड़ 18 लाख बकाया है, न्यू एरा स्कूल पांडव नगर पर 42 लाख, समतल फैक्ट्री गुलधर मेरठ रोड, आईएमटी कॉलेज हापुड़ चुंगी पर बकाया लगभग 77 लाख, राधिका एंटरप्राइजेज पर 26 लाख, होटल मिला प्लाजा पर 85 लाख जैसे बड़े बकायेदारों पर कार्रवाई के लिए योजना बनाई गईहै। मोहननगर जोन अंतर्गत मैंनग्रे एंटरप्राइजेज न्यू डिफेंस कॉलोनी पर बकाया 5 लाख, जावेद अख्तर डीएलएफ डी ब्लॉक पर 10 लाख, पुष्प लता राजेंद्र नगर इंडस्ट्रियल एरिया को 7 लाख वाली कड़ी कार्रवाई वाली सूची में शामिल किया गया है। सिटी जोन के अंतर्गत फाइव विजन मॉडल टाउन पर बकाया 1 करोड़ 64 लाख,



साबुन फैक्ट्री सादिक नगर पर लगभग 7 लाख, कुंती देवी नेहरू नगर पर लगभग 44 लाख के लिए कड़ी कार्रवाई की जायेगी। विजयनगर जोन अंतर्गत सुनीता यादव और सतपाल यादव पर बकाया 29 लाख, राकेश कुमार सर्वोदय नगर पर 3 लाख, फेरु सिंह पर 3 लाख, वसुंधरा जोन अंतर्गत बनाना ट्री साहिबाबाद साइट पर 4 80 लाख, रेडिसन होटल कौशांबी पर डेढ़ करोड़, उन्नति फॉर्च्यून वैशाली पर 8 लाख बकाया हाउस टैक्स है। इन सभी बकायेदारों पर नगर निगम सख्त कार्रवाई करने की योजना बना रहा है। डॉ. संजीव ने बताया कि नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक के निर्देश पर बड़े बकायेदार जिन्होंने नोटिस दिए जाने के बाद भी अपना किराया या हाउस टैक्स जमा नहीं किया है उनको सील करने निर्देश दिए गए है।

# विधायक योजना के 7 भूखंड रद्द, जीडीए के पूर्व सचिव की वजह से लटकी कार्रवाई की तलवार




**गाजियाबाद करंट क्राइम।** गाजियाबाद विकास प्राधिकरण (जीडीए) ने इंदिरापुरम में विधायक योजना के तहत आवंटित सात भूखंडों के आवंटन को रद्द करने का आदेश दिया है। इन भूखंडों में से कई जीडीए के पूर्व सचिव के परिवार के सदस्यों, रिश्तेदारों और परिचितों को कथित तौर पर मिलीभगत या पूर्व सचिव के निर्देश पर आवंटित किए गए थे। यह कार्रवाई 2012 में दायर एक जनहित याचिका में इलाहाबाद उच्च न्यायालय के आदेशों और उसके बाद यूपी आवास एवं शहरी नियोजन विभाग के प्रमुख सचिव के निर्देशों के अनुपालन में की गई है।

### पूर्व अफसरों ने नियमों का उल्लंघन किया

जीडीए के उपाध्यक्ष अतुल वत्स ने बताया कि विधायकों के लिए आरक्षित भूखंडों को नियमों का उल्लंघन करते हुए अन्य लोगों को आवंटित किए जाने की शिकायतों की जांच के बाद यह कदम उठाया गया है। एक जांच समिति की सिफारिशों पर कुल सात भूखंडों के आवंटन को रद्द करने की प्रक्रिया शुरू की गई है।

### सदस्यों और रिश्तेदारों के नाम है प्लॉट

अतुल वत्स ने बताया कि रद्द किए गए आवंटनों में जीडीए के पूर्व सचिव के परिवार के सदस्यों और रिश्तेदारों आदि के नाम भी शामिल हैं, जिन्होंने नियमों का उल्लंघन करके आवंटन प्राप्त किया था। आरोप है कि सात मामलों में आवंटियों ने कथित मिलीभगत या पूर्व सचिव के निर्देश पर विधायक योजना में प्लॉट प्राप्त करने के लिए अपने मूल आवंटन को परिवर्तित करवा लिया था। एक ही परिवार के सदस्यों को प्लॉट आवंटित किए जीडीए ने एक प्रेस बयान में बताया कि इन आवंटनों में कई अनियमितताएं और अवैधताएं पाई गईं।

# सील किए गए ऑडिटोरियम के अंदर अब भी 50 से ज्यादा वाहन बंद, नौकरीपेशा लोगों की परेशानी बढ़ी




**गाजियाबाद करंट क्राइम।** नगर निगम द्वारा बुधवार को नेहरू नगर स्थित पंडित दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम को सील किया गया है, सील किए गए ऑडिटोरियम के अंदर वाहन रह गए थे, जिनमें से कुछ वाहनों को ऑडिटोरियम के दरवाजे खोलकर बाहर निकाला गया था, लेकिन अब भी उसमें 50 से अधिक वाहन बंद हैं, जिस कारण नौकरीपेशा लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने ऑडिटोरियम के दरवाजे खुलवाकर वाहनों को बाहर निकलवाने की मांग महापौर सुनीता दयाल से की है।

नगर निगम ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम को 15 साल के लिए किराए पर दिया था। भाजपा नेता अशोक नागर के पास ठेका है, उन्होंने किराए की धनराशि जमा नहीं की तब बुधवार को नगर निगम की टीम ने ऑडिटोरियम को सील कर दिया था। महापौर से वाहनों को बाहर निकलवाने की मांग की है। महापौर सुनीता दयाल ने आश्वासन दिया है कि जल्द ही वाहनों को बाहर निकलवाया जाएगा, इसके लिए चाहे उनको खुद मौके पर जाकर ऑडिटोरियम के दरवाजे क्यों न खोलने पड़ें। लोगों को हो रही समस्या से जल्द ही छुटकारा दिलाया जाएगा।

### 20 से अधिक लोग कर रहे थे परेशानी का सामना

बृहस्पतिवार को नगर निगम कार्यालय पहुंचे नेहरू नगर के सुप्रीत सिंह ने बताया कि उनकी कार ऑडिटोरियम के अंदर है, वह कार से नोएडा ऑफिस जाते हैं, लेकिन सीलिंग की कार्रवाई के बाद कार बाहर नहीं निकाल पाए हैं, जिस कारण उनको बृहस्पतिवार को ऑफिस से छुट्टी लेनी पड़ गई। उनके संपर्क में इस तरह की परेशानी का सामना कर रहे 20 से अधिक लोग हैं।

## चिन्टू जी




गाजियाबाद (करंट क्राइम)। चिंटू जी की गुस्ताखियां माफ हों.. नोट : चिंटू जी कॉलम अखबार में ही प्रकाशित होता है। इस किरदार का सोशल मीडिया पर अखबार से अतिरिक्त डाली गई पोस्ट से कोई संबंध नहीं है।

## दैनिक करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे




**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** परिवार में जब नई कार आती है तो उसे भी परिवार का मेंबर माना जाता है। तेजेंद्र सिंह के घर नई कार आई तो पूरे परिवार ने इस नए मेंबर का स्वागत किया। इस खुशी को फेसबुक पोस्ट बनाया। यह पोस्ट बनी करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे।

## शोक संदेश



**स्व० श्री कृष्ण कुमार त्यागी जी**

आपको अत्यन्त दुःख के साथ सूचित किया जाता है कि हमारे पूज्यनीय पिताजी श्री कृष्ण कुमार त्यागी जी पुत्र स्व. श्री शौनाथ सिंह त्यागी का स्वर्गवास दिनांक 11/06/2024 दिन मंगलवार को हो गया है। प्रभू की ऐसी ही इच्छा थी। जिनकी रस्म पगडी दिनांक 23/06/2024 दिन रविवार को हमारे निज निवास पर होनी निश्चित हुई है।

!! कार्यक्रम स्थल !!

सेक्टर बी-1, प्लॉट नं सी-194, ट्रोनिका सिटी, लोनी गाजियाबाद

श्रद्धांजलि सभा एवं रस्म पगड़ी

हवन....................प्रातः 8.00 बजे
ब्रहमभोज....................प्रातः 10.00 बजे
रस्म पगड़ी....................दोपहर 2.00 बजे

!! शोकाकुल परिवार !!

बसंत त्यागी (पुत्र) प्रदेश मंत्री भाजपा
ममता बसंत त्यागी (पुत्र वधू) अध्यक्ष जिला पंचायत गजियाबाद
(M) 9310145567, 8505995097

## रस्म पगड़ी



मान्यवर,

हमारी पूज्य माताजी श्रीमती शकुन्तला देवी (धर्मपत्नी स्व. लाला बुद्ध प्रकाश गर्ग) का स्वर्गवास सोमवार दिनांक 17 जून 2024, को हो गया है। प्रभु की ऐसी ही इच्छा थी।

कार्यक्रम

रविवार, दिनांक 23 जून 2024
समय : अपरान्ह .......... 3 बजे

स्थानः डायमण्ड पैलेस, 17A कविनगर इण्डस्ट्रियल ऐरिया, गाजियाबाद

शोकाकुल परिवार

सुपुत्र –
प्रेम प्रकाश गर्ग (एडवोकेट)
डा. ज्ञान प्रकाश गर्ग
वेद प्रकाश गर्ग (खादी वाले)
जगत प्रकाश गर्ग

सुपौत्र –
डा. अनुभव, प्रशान्त
उज्जवल, डा. नितिन
सुमित, हिमांशु

प्रपौत्र – मलव, ऐकांश, लविथ
प्रपौत्री – अव्या, तायशा, नायरा, ऐशल, श्रीं, वान्या